तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 25.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 22 जुलाई 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



तिफरा सब्जी मंडी की ओर जाने वाली सड़क पर लगे खंबे कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस करेगी आज आर्थिक नाकेबंदी

**बिलासपुर**। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला ग्रामीण, शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी। जिले में पेण्ड्रीडीह बाईपास के आगे कांग्रेसजनों द्वारा आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी। इसके पूर्व सुबह 11 बजे कांग्रेस भवन में सभी एकत्रित होंगे और काफिले के रूप में धरना स्थल के लिए रवाना होंगे। आर्थिक नाकेबंदी की तैयारी को लेकर सोमवार को कांग्रेस भवन में कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस आंदोलन के लिए कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव को प्रभारी बनाया गया है। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय व ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि 22 जुलाई को रायपुर रोड में पेण्ड्रीडीह बाईपास के आगे अशोक लीलैंड शोरूम के सामने आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी। सुबह 11 बजे सभी कांग्रेसजन कांग्रेस भवन में एकत्रित होंगे, उसके बाद काफिले के रूप में कांग्रेसजन धरना स्थल पर जाएंगे और आर्थिक नाकाबंदी करेंगे।

### दो गांजा तस्करों को 10 साल कैद, 1 लाख जुर्माना

**बिलासपुर**। कोर्ट ने गांजा तस्करी करते पकड़े गए दो तस्करों को 10 साल कैद व 1 लाख रुपए अर्थदण्ड पटाने की सजा सुनाई है। 12 अगस्त 2023 की रात बिल्हा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुढ़ीपार टोल प्लाजा में घेराबंदी करते हुए कार क्रमांक सीजी 10 एडी, 4947 को रोककर उसमें सवार प्रवीण वस्त्रकार पिता रामाधार वस्त्रकार 34 साल पाराघाट, दीपक कुमार मरकाम पिता रतिराम मरकाम 32 साल जयरामनगर निवासी को पकड़ लिया था। तलाशी लेने पर उनके पास 118 किलो 110 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने कार सहित गांजा जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत दोनों तस्करों को 10 - 10 साल कैद व 1 - 1 लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता संजय नामदेव ने पैरवी की है।

### डायरिया ने बढ़ाई चिंता शहर में मिले 11 मरीज

**बिलासपुर**। ग्रामीण क्षेत्रों के बाद अब शहर तक डायरिया की पहुंच हो चुकी है,सोमवार को शहर के अलग-अलग वार्ड और मोहल्लों से 11 डायरिया के मरीज मिले है, वहीं पीलिया के 2 मरीज स्वास्थ्य विभाग के सर्वे में मिल चुके है। स्वास्थ्य विभाग मरीजों को दवा वितरण कर अपना काम पूरा कर रहा है लेकिन हालत यह है कि कई मरीज निजी अस्पताल की दौड़ लगा रहे है, जिसकी जानकारी विभाग तक नहीं पहुंच रही है। शहर में बारिश का सीजन आते ही घर-घर बीमार पड़ रहे है, ग्रामीण क्षेत्रों से निकलकर डायरिया शहर के पॉश इलाकों तक पहुंच चुका है। ऐसे में रोजाना डायरिया और पीलिया के मरीज आ रहे है। स्वास्थ्य विभाग के सर्वे में सोमवार को 11 डायरिया और उल्टी दस्त की शिकायत के साथ मरीज पहुंचें, सरकंडा, भरारी, तिफरा, जरहाभाठा, कुम्हारपारा, जूना बिलासपुर, सिरगिट्टी, सरजू बगीचा में मरीज मिल चुके है। वहीं सरकंडा और तालापारा में 2 पीलिया के मरीज पाए गए हैं।

लग्जरी कारों से एनएच जाम किया

चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरू की डिवीजन बेंच ने शासन से जवाब मांगा

# नाराज हाईकोर्ट ने पूछा- महंगी गाड़ियां जब्त क्यों नहीं की गईं?

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रसूखदार लड़कों द्वारा लग्जरी कारों को खड़ी कर नेशनल हाईवे-130 जाम करने के मामले में हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरू की डिवीजन बेंच ने पूछा कि इन लग्जरी गाड़ियों को जब्त क्यों नहीं किया गया। हाईकोर्ट ने मामले में राज्य शासन से जवाब मांगा है।

ज्ञात हो कि नई कार खरीद कर कुछ रसूखदार लड़कों ने रील्स बनाने के लिए नेशनल हाईवे को जाम कर दिया था, जिसका ड्रोन कैमरे से वीडियो शूट कर नई कार खरीदने का जश्न भी मनाया। इस दौरान सड़क पर लोगों को काफी परेशानी हुई। पुलिस ने रईसजादों पर एफआईआर के बजाय सिर्फ जुर्माने की कार्रवाई की है। पुलिस की चालानी कार्रवाई के अनुसार, रसूखदारों में वेदांत शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, यशवंत, दुर्गेश ठाकुर, विपिन वर्मा और अभिनव पांडेय शामिल हैं।



### कोर्ट की फटकार के बाद फार्च्यूनर की जब्ती

हाईकोर्ट की फटकार के बाद पुलिस सक्रिय हुई। सोमवार की रात सकरी पुलिस ने उन फार्च्यूनर कारों को जब्त कर लिया है, जिनसे पेंड्रीडीह तुर्काडीह हाईवे जाम किया गया था। सकरी पुलिस के अनुसार 16 जुलाई को प्रार्थी विनोद कोलाम ने थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह पेंड्रीडीह तुर्काडीह बाइपास से अपने घर लाखासार जा रहा था, इसी दौरान सैदा ओवरब्रिज पर कुछ वाहन चालक सड़क पर वाहन खड़े कर वीडियो बना रहे थे, कुछ लोग एक व्यक्ति का नाम वेदांत शर्मा पुकार रहे थे, इनके कारण वह समय पर घर नहीं पहुंच पाया। इस पर थाने में अपराध पंजीबद्ध किया गया और वाहनों एवं चालकों के विरुद्ध विधिवत जब्ती व गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी

इस पूरे मामले को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने स्वतः संज्ञान में लिया है, उन्होंने जनहित याचिका के रूप में केस की सुनवाई शुरू की है। सोमवार को उन्होंने हाईवे जाम करने वाली गाड़ियों को जब्त न करने और मामूली कार्रवाई पर नाराजगी जताई। साथ ही इस मामले में शपथपत्र के साथ जवाब देने के लिए कहा है।



वीडियो वायरल होने के बाद देर से जागी पुलिस

रील बनाने नेशनल हाइवे जाम किया

6 कार सवारों पर 2-2 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### 6 कारों को खतरनाक ढंग से लहराते हुए स्टंट

कोर्ट द्वारा जानकारी मांगे जाने पर एडिशनल एसपी ट्रैफिक राम गोपाल करियारे ने बताया कि रतनपुर रोड पर एक के बाद एक 6 कारों को खतरनाक ढंग से लहराते हुए, कट मारकर चलाते हुए देखा गया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एसएसपी रजनेश सिंह ने तुरंत संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। रतनपुर रोड पर तैनात प्रभारी एएसआई केके मरकाम और स्टाफ ने सभी गाड़ियों को रोक कर 2000-2000 रुपए की चालानी कार्रवाई की हालांकि इससे पहले एडिशनल एसपी ने इन 6 लड़कों के न तो नाम बताए और न ही उन गाड़ियों के नंबर बताया था।

# जशपुर की बालिकाओं ने पुलिसकर्मियों पर लगाया बंधक बनाकर काम कराने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जशपुर की रहने वाली दो बालिकाओं को उनके रिश्तेदार पुलिसकर्मी पढ़ाने के नाम पर अपने घर ले आए और यहां घरेलू काम कराने लगे, गलती होने पर डांट फटकार लगाने के साथ मारपीट भी करने लगे। बीती रात दोनों बच्चियां उनके घर से भागकर लालखदान स्थित एक मोबाइल दुकान पहुंचीं और अपने घर जाने की बात कहने लगीं, डरी सहमी बच्चियों को देख भीड़ लग गई, सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सखी सेंटर में रखा है।

- दोनों बालिका भागकर पहुंचीं लालखदान, बताई आपबीती, कहा घर जाना है

रविवार की रात दो नाबालिग लड़कियां लालखदान के एक मोबाइल दुकान के पास डरी सहमी बैठी हुई थीं। आसपास के लोगों ने पूछताछ की तो दोनों बालिकाओं ने बताया कि वे जशपुर की रहने वाली हैं, एक बालिका तिफरा पुलिस लाइन में रहने वाले आरक्षक सुधीर कुजूर और दूसरी बालिका आरक्षक अरूण लकड़ा के घर रह रही थी। दोनों आरक्षक उन्हें पढ़ाने की बात कहते हुए अपने घर लेकर आए थे। यहां आने के बाद दोनों से घर की साफ सफाई और बच्चों की देखरेख का काम कराते थे। काम में गलती होने पर दोनों के साथ मारपीट की जाती थी। बच्चियों ने लोगों से कहा कि वे जशपुर अपने घर जाना चाहती हैं। लोगों की सूचना पर तोरवा पुलिस मौके पर गई और दोनों बालिका से पूछताछ करने के बाद सुरक्षार्थ सखी सेंटर में छोड़ दिया गया था।



लालखदान में लगी लोगों की भीड़।

### पुलिस विभाग ने दी सफाई

इस मामले में पुलिस विभाग ने विज्ञप्ति जारी की है, इसमें कहा गया है कि 20 जुलाई को सूचना मिली कि दो नाबालिग लड़कियां लालखदान में अकेली खड़ी हैं, वे अपने रिश्तेदारों के व्यवहार से परेशान होकर मूल निवास जशपुर लौटने के प्रयास में थीं। दोनों बालिकाओं को चाइल्ड केयर सेंटर में रखकर काउंसलिंग की जा रही है। उनके परिजन को बुलाकर कथन लिया गया है। एक बालिका की मां फोगो लकड़ा ने बताया पूर्व अपनी बेटी को गांव में पढ़ाई नहीं करने पर अपने भाई अरूण लकड़ा के पास भेजी थी। यहां प्राइवेट परीक्षा दिलवाने की योजना थी। उन्होंने कहा है उनकी बेटी के साथ न तो कोई मारपीट हुई है और न ही कोई जबरन काम कराया गया है। यहां मन नहीं लगने के कारण वापस गांव लौटना चाहती है। दूसरी लड़की के परिजन जीवन कुजूर ने बताया है लड़की की मां दूसरे के साथ शादी कर अलग हो चुकी है और पिता शराबी है। जिसके चलते लड़की अपने मामा के पास रह रही थी। उनकी बहन अंजू कुजूर शिक्षिका है और उनके पति सुधीर कुजूर आरक्षक हैं। बेहतर शिक्षा मिलने की संभावना में भांजी को उनके पास भेजा था। लड़की के साथ कोई जबरदस्ती कार्य नहीं कराया गया।

### एक बालिका ने कहा बुआ ने भेजा था

एक बालिका ने बताया, उसकी मां नहीं है, पापा गांव में हैं। वे मुझे पढ़ाना चाहते थे। उसकी बुआ ने उन्हें आरक्षक सुधीर कुजूर के घर काम करने के लिए भेजा था। उनकी पत्नी शिक्षिका हैं और ड्यूटी से लौटने के बाद डांट फटकार करती थीं। उसके काम करने का पैसा बुआ ले लेती थी। वह वापस गांव जाने के लिए बोलती तो बुआ वहीं रहकर काम करने का दबाव बनाती थी।

### दूसरी बालिका ने कहा मारपीट करते हैं

दूसरी बालिका ने कहा रिश्ते का मामा अरूण कुजूर लेकर आए थे। उनके घर में वह झाड़ू पोछा, बर्तन साफ, कपड़ा धोने व उनके बच्चे को देखरेख का काम करती थी। कुछ भूल जाती थी तो वे मारपीट करते थे। उसने कहा रिश्ते के मामा के घर नहीं जाउंगी, वहां मारेगें। वह जशपुर घर जाना चाहती है।

### जांच जारी

दोनों बालिकाएं बाल कल्याण समिति के संरक्षण में है। जहां उनकी काउंसिलिंग की प्रक्रिया जारी है। रिपोर्ट प्राप्त होना शेष है। परिजनों ने किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं होने की बात कही है एवं कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस सभी तथ्यों की जांच कर रही है।

**- निमितेश सिंह परिहार**
सीएसपी



पकड़ा गया युवक

- तलाशी लेने पर मिली पिस्टल

# नशे में धुत कार सवार युवक ने पुलिस से कहा हिम्मत कैसे हो गई गाड़ी रोकने की...

**बिलासपुर**। बीती रात वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक कार को रोका तो उसमें सवार नशे में धुत युवक ने पुलिस अधिकारियों को अपनी पहुंच बताते हुए रूतबा झाड़ने लगा। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो कमर में पिस्टल मिली, जांच में वह एयरगन निकला। कोर्ट ने शराब पीकर गाड़ी चलाने से युवक पर 10 हजार रुपए जुर्माना किया है। वहीं पुलिस ने एयरगन पिस्टल जब्त कर उसके खिलाफ पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर रविवार को देर रात सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, सिविल लाइन टीआई एसआर साहू बल के साथ महाराणाप्रताप चौक में किलाबंदी कर सघन वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान तिफरा की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 बीयू, 2504 को पुलिसकर्मियों ने रोका। उसमें सवार रामा वर्ल्ड कालोनी निवासी अर्चित केडिया पिता स्व. उत्तम केडिया 19 साल ने रुतबा झाड़ते हुए कहा कि कार रोकने की हिम्मत कैसे हो गई। कार सवार व पुलिसकर्मियों की बहस होते देख सीएसपी श्री परिहार मौके पर गए और कड़े शब्दो में उसे कार से बाहर निकलने कहा। बाहर निकलने पर अर्चित केडिया ठीक से खड़े नहीं हो पा रहा था। ब्रीद एनालाइजर से चेक करने पर वह शराब के नशे में पाया गया। उसके बाद भी युवक हंगामा मचाने लगा, पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़कर जांच की तो कमर के पास पिस्टल मिली, जिससे पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। पूछताछ करने पर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे रहा था। जांच में पिस्टल एयरगन निकली। युवक को गाड़ी सहित सिविल लाइन थाना लाया गया। सोमवार को पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उस पर 10 हजार रुपए जुर्माना किया गया है। इधर पुलिस ने बीएनएस की धारा 106 के तहत एयरगन जब्त कर उसके खिलाफ पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।



कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराते विदेश गए युवक के माता-पिता।

मोबाइल मिल रहा बंद, पुलिस में शिकायत

# मलेशिया गए युवक का माता-पिता से संपर्क टूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नौकरी करने मलेशिया गए युवक का माता पिता से संपर्क टूट गया है। प्रतिदिन वह अपने माता पिता से मोबाइल में बातचीत कर रहा था, लेकिन पिछले दो दिनों से मोबाइल बंद मिलने से युवक के घर में हड़कंप मच गया है। पीड़ित माता-पिता ने कोतवाली थाने में लिखित शिकायत कर बेटे को खोजने की गुहार लगाई है।



विदेश गया युवक

जूना बिलासपुर शांति लाज के पीछे रहने वाले राजेश तम्बोली सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग कार्यालय में पदस्थ हैं। उनकी पत्नी शांति तम्बोली ने हरिभूमि को बताया कि दीपक तम्बोली 29 साल उनका इकलौता बेटा है। उन्होंने कम्प्यूटर साइंस में बीएससी किया है। 31 मई 2025 को उनका बेटा दीपक नौकरी करने के लिए मलेशिया गया था। वहां जाने के एक सप्ताह बाद बताया कि संबंधित कंपनी ने उसे रिजेक्ट कर दिया है। वह दूसरी कंपनी में नौकरी पाने का प्रयास कर रहा है। उस दौरान पिछले एक माह से वह होटल में रह रहा था। उनके बीच लगातार मोबाइल में बातचीत हो रही थी। उसने 22 जून को होटल का रूम छोड़कर गेस्ट हाउस में कुछ लड़कों के साथ रहने की जानकारी दी थी। श्रीमती तम्बोली अपने बेटे से गेस्ट हाउस का नाम पता पूछती थीं तो वह टाल देता था। 19 जुलाई को उनकी बेटे से मोबाइल में बात हुई थी। 20 जुलाई को उन्होंने बेटे को फोन लगाया तो रिंग जा रही थी, किन्तु फोन रिसीव नहीं हो रहा था। 21 जुलाई को उन्होने फोन लगाया तो मोबाइल लगातार बंद मिल रहा है।

### 4 साल नोएडा दिल्ली में काम किया

श्रीमती तम्बोली ने बताया कि उनका बेटा 4 साल दिल्ली नोएडा में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम कर रहा था। उसके बाद उसने नागपुर ट्रांसफर करा लिया था। वहां एक माह काम करने के बाद नौकरी छोड़कर शहर आ गया था।

### कोविड में आनलाइन किया काम

कोविड काल में घर में रहकर आनलाइन काम कर रहा था। उसके बाद दीपक अपने माता पिता से कहने लगा, यहां काम करना उसे अच्छा नहीं लगता है। वह विदेश में रहकर नौकरी करेगा। माता पिता ने उसे यहीं रहकर काम करने की बहुत समझाइश दी, किन्तु वह नौकरी करने मलेशिया चला गया।

### उच्च अधिकारियों को दी जाएगी जानकारी

माता पिता के द्वारा मलेशिया नौकरी करने के गए बेटे से संपर्क टूट जाने की शिकायत की गई। पिछले दो दिन से बेटे के मोबाइल बंद मिल रहा है। उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर युवक को खोजने का प्रयास किया जाएगा।

**- विवेक पाण्डेय**
कोतवाली टीआई

भाजपा ने किया सवाल भूपेश के बेटे कांग्रेस में किस पद पर

# पुत्रमोह में भूपेश ने पूरी कांग्रेस को सड़क पर झोंका: अमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को चर्चित शराब घोटाला मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को लेकर भूपेश पर पुत्र मोह में पूरी कांग्रेस को सड़कों पर झोंकने का आरोप लगाया है। पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने तो यह सवाल उठाए हैं कि भूपेश के बेटे चैतन्य बघेल किस पद पर हैं, जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं, उसके लिए पूरी कांग्रेस प्रदेश में प्रदर्शन कर रही है।

- भ्रष्टाचारियों को बचाने कांग्रेस जनता को कर रही परेशान

इस विषय को लेकर सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में पूर्व मंत्री शहर विधायक अमर अग्रवाल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि हमने भी बड़े-बड़े ऐसे उदाहरण देखे हैं, जिसमें लोगों ने पुत्र मोह में खुद को भी बर्बाद किया और अपने पूरे साम्राज्य को भी बर्बाद किया, भूपेश बघेल इसी दिशा में काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भूपेश बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है और उनका आर्थिक रूप से नुकसान भी करने जा रही है, जिसे प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कोल ब्लॉक आबंटन को लेकर कहा कि कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दाफाश हो गया है। अमर ने कहा कि शराब घोटाले, कोयला घोटाले, चावल घोटाले, गोठान घोटाले से लेकर पीएससी घोटाले तक में इसने प्रदेश के संसाधनों को जमकर लूटा था। आज इन घोटालों के आरोपी एक-एक कर नप रहे हैं। बेवजह जिस तरह से अपराधियों के विरूद्ध हो रही कानून सम्मत कार्रवाई को कहीं और मोड़ा जा रहा है, वह दुर्भाग्यजनक और कांग्रेस में हिप्पोक्रेसी का सबसे बड़ा नमूना है। अमर ने यह सवाल भी उठाए कि क्या कांग्रेस हर अपराधी के पक्ष में ऐसे ही खड़ी होगी जैसे आज पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे के लिए हुई है।





भाजपा कार्यालय में शहर विधायक अमर अग्रवाल पत्रकारों से चर्चा करते हुए।

### भूपेश के कार्यकाल में स्वीकृति

उन्होंने बताया कि जब भी कोल ब्लॉक आबंटन और पेड़ कटाई पर सवाल उठाते थे तो भूपेश बचाव में आ जाते थे। कहते थे अपने घरों की बिजली बंद कर दें। उन्होंने कहा कि यह तथ्य है कि न केवल भूपेश बघेल ने कोल ब्लॉक अशोक गहलोत को आबंटित किया था, बल्कि उससे पहले भी मनमोहन सिंह की सरकार में तमाम नियमों को धत्ता बताते हुए छत्तीसगढ़ के कोल ब्लॉक आबंटन की राह आसान की थी। उन्होंने कहा कि साल 2010 में केन्द्र में कांग्रेस की सरकार थी तब कोयला मंत्रालय और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा हसदेव अरण्य को पूरी तरह से नो-गो जोन घोषित किया गया था। उसे कांग्रेस नीत सरकार के पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने ही सबसे पहले गो एरिया घोषित किया था। 23 जून 2011 को केन्द्र में कांग्रेस की सरकार रहते ही तारा परसा ईस्ट और कांटे बेसन कोल ब्लॉक को खोलने का प्रस्ताव दिया गया, जब छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी। उस वक्त अडानी को दो बड़ी खदानों गारे पेलमा सेक्टर-दो और राजस्थान में कते एक्सटेंशन ब्लॉक का आपरेटर बनाया गया। इसी तरह भूपेश बघेल मुख्यमंत्री कार्यकाल में ही 16 अक्टूबर 2019 को राज्य सरकार ने पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिफारिश भेजी। 31 मार्च 2021 को ओपन कास्ट गारे पेलमा सेक्टर-2 मांड-रायगढ़ कोलफील्ड के लिए हुआ समझौता सबके सामने है। इसी क्रम में 19 अप्रैल 2022 को भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री रहते ही कांग्रेस सरकार द्वारा वन स्वीकृति स्टेज-1 और 23 जनवरी 2023 को वन स्वीकृति स्टेज-2 के लिए सिफारिश भेजी गई।

### आरेंज अलर्ट : हो सकती है झमाझम बारिश

**बिलासपुर**। मौसम ने करवट बदलते हुए एक बार फिर बारिश का दौर शुरू कर दिया है, सोमवार की सुबह जब लोगों की आंखे खुली, उस दौरान झमाझम बारिश हो रही थी, लोगों को लगा कि दिन भर बारिश का माहौल रहेगा, लेकिन सुबह 10 बजे के बाद आसमान से बादल एकाएक गायब हो गए और सूर्य नारायण ने दर्शन दे दिया। दोपहर तक उमस और गर्मी के कारण लोगों को बेहाल होना पड़ा और दोपहर बाद एक बार फिर हल्की बारिश होती रही, यह सिलसिला रात तक जारी रहा। मौसम विभाग ने बताया कि सोमवार को बिलासपुर क्षेत्र में 2 सेमी बारिश दर्ज किया गई है।

तेरहवीं

स्व. श्रीमती मधु टाह
अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि
श्रीमती मधु टाह
पति स्व. श्री इंद्र मोहन टाह का स्वर्गवास दिनांक 09.07.2025 बुधवार को हो गया है।
जिनकी तेरहवीं कार्यक्रम
दिनांक 22.07.2025 मंगलवार
समय- दोपहर 12 से 3 बजे,
बीडीएस कॉलोनी, कोनी थाना के सामने, बिरकोना रोड, बिलासपुर (छ.ग.) में रखा गया है।
अत: उक्त कार्यक्रम में सपरिवार पधारकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।
शोकाकुल : नरेन्द्र टाह, विजय टाह, राजू टाह, सबलू टाह (देवर), प्रियंका, पियूष शर्मा, (बेटी-दमाद) आन्या शर्मा (दोहैती), रुही टाह (पौत्री), एवं समस्त टाह एवं शर्मा परिवार, पीहर पक्ष कुमुदनी, सुषमा दान (बहन) सुरेश दान (भाई), पवन दान, प्रमिला दान, मयंक, महिमा एवं समस्त दान परिवार


CAIT
श्री अमर पारवानी
वाइस चेयरमेन, कैट
श्री बी सी भरतिया
राष्ट्रीय अध्यक्ष
श्री प्रवीण खण्डेलवाल
सांसद एवं राष्ट्रीय महामंत्री
श्री जितेन्द्र गांधी
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
श्री जितेन्द्र दोषी
प्रदेश एक्जिक्युटिव चेयरमेन
श्री राकेश ओचवानी
स्टेट सीनियर वाइस प्रेसिडेंट व बिलासपुर प्रभारी
परमानंद जैन
प्रदेश अध्यक्ष
सुरेन्द्र सिंह
प्रदेश महामंत्री
अजय अग्रवाल
प्रदेश कोषाध्यक्ष
श्री किशोर पंजवानी
अध्यक्ष- बिलासपुर कैट
श्री हीरानंद जयसिंह
महामंत्री- बिलासपुर कैट
श्री आशीष अग्रवाल
कोषाध्यक्ष- बिलासपुर कैट
नमित सलुजा
युवा अध्यक्ष- बिलासपुर कैट
दिलीप खण्डेलवाल
कार्यकारी अध्यक्ष- बिलासपुर कैट
संजय मित्तल
कार्यकारी अध्यक्ष- बिलासपुर कैट
सुरेन्द्र सिंह अजमानी
कार्यकारी अध्यक्ष- बिलासपुर कैट
श्री राजू सलूजा
प्रांतीय उपाध्यक्ष कैट (छ.ग.)
श्रीकांत पाण्डेय
उपाध्यक्ष- बिलासपुर, कैट
अनिल गुप्ता
उपाध्यक्ष- बिलासपुर, कैट
सुनिल चिमनानी
उपाध्यक्ष- बिलासपुर, कैट
नारायण दास दयालानी
उपाध्यक्ष- बिलासपुर, कैट
प्रमोद वर्मा
उपाध्यक्ष- बिलासपुर, कैट
प्रविण सलुजा
उपाध्यक्ष- बिलासपुर, कैट
मा. श्री राजू सलूजा जी को जन्म दिन की
हार्दिक शुभकामनाए...
परमजीत उपवेजा
संगठन मंत्री एवं मीडिया प्रभारी, कैट
सौमित्र गुप्ता
सलाहकार- बिलासपुर, कैट
नानकराम खाटूजा
सलाहकार-बिलासपुर, कैट
सीए कपील सचदेव
सलाहकार-बिलासपुर, कैट
हरदीप होरा
मंत्री बिलासपुर, कैट
सुशील छाबड़ा
मंत्री बिलासपुर, कैट
राजेश सैनी
मंत्री बिलासपुर, कैट
सचिन यादव
मंत्री बिलासपुर, कैट
मनोज लाहोरानी
मंत्री बिलासपुर, कैट
अभिषेक त्रिपाठी
मंत्री बिलासपुर, कैट
राजेन्द्र सिंह
मंत्री बिलासपुर, कैट
विष्णु गुप्ता
सहकोषाध्यक्ष बिलासपुर, कैट
प्रवीण सोनी
सह संगठन मंत्री बिलासपुर, कैट
मुकेश लाल चंदानी
सह संगठन मंत्री बिलासपुर, कैट
राकेश भागवानी
सह संगठन मंत्री बिलासपुर, कैट
सज्जन अग्रवाल
सह संगठन मंत्री बिलासपुर, कैट
सुनील रॉय
सह संगठन मंत्री बिलासपुर, कैट
पंकज श्रीवास्तव
प्रचार-प्रसार मंत्री, कैट
अरविंद वर्मा
प्रचार-प्रसार मंत्री, कैट
अनिल राघवानी
प्रचार-प्रसार मंत्री, कैट
गोविंद जिमनानी
प्रचार-प्रसार मंत्री, कैट
सौजन्य : कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स बिलासपुर परिवार
#MGR

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 22 जुलाई 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




आयोजन

## बोल-बम के जयकारों के साथ, भव्य कावड़ यात्रा 28 को निकलेगी



**बिलासपुर।** जय वंदेमातरम संगठन के द्वारा भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन 28 जुलाई को किया जा रहा है, यह तीसरा वर्ष है तैयारी को अंतिम स्वरूप देने संगठन की बैठक खाटू श्याम मंदिर में हुई। जय वंदेमातरम संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजू सालूजा व प्रदेश संयोजक राजेंद्र सिंह ने बताया कि संगठन के द्वारा विगत दो वर्षों से शिव भक्ति में लीन ऐसे भक्त जो किसी कारण वश सावन के पवित्र माह होने वाले कावड़ यात्रा से वंचित रह जाते हैं, शहर में आयोजित कावड़ याात्रा में शामिल होकर इस पुनीत कार्य में सहभागी बन सकते है। इस वर्ष कावड़ यात्रा को वृहद स्वरूप देने के लिये संगठन ने गाजे - बाजे के साथ आकर्षक झांकियों भी बनाई जा रही है। संगठन के डॉ रजनीश पाण्डे ने बताया कि समुद्र मंथन के दौरान निकले हलाहल विष को भगवान शिव ने पिया था और देवताओं ने उन्हें शांत करने के लिए गंगाजल चढ़ाया था, जिससे कावड़ यात्रा की शुरुआत हुई। कावड़ यात्रा भगवान शिव के प्रति भक्तों की अटूट श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। सावन के महीने में कावड़ यात्रा एक धार्मिक उत्साह का माहौल बनाती है, जिसमें भक्त नाचते-गाते, भजन गाते हुए अपनी यात्रा पूरी करते हैं।

# सावन सोमवार पर कामिका एकादशी का शुभ संयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हर साल सावन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को कामिका एकादशी व्रत रखा जाता है। इस साल कामिका एकादशी का व्रत सोमवार को रखा गया। कामिका एकादशी व्रत के दिन सर्वार्थ सिद्धि व अमृत सिद्धि योग का शुभ संयोग भी रहा। इस अवसर पर शहर के सभी शिवालयों में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा।

**मंदिरों और घरों में विशेष पूजन**

सावन के दूसरे सोमवार पर शिवालयों में सुबह से ही तांता रहा, भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजन-अर्चन कर उन्हें प्रसन्न किया। मंदिरों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंज रहे थे, ब्रह्म मुहूर्त में ही शिवालयों के बाहर भक्तों की कतारें लग गईं। विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना के बाद शिवालयों के कपाट खोल दिए, इसके बाद श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। मंदिरों में विशेष रुद्राभिषेक,मध्यनगरी स्थित अष्टमूखी मंदिर, सरकंडा नंदेश्वर मंदिर सहित सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। भक्तों ने भोलेनाथ को भांग, धतूरा, बेलपत्र, श्वेत मदार पुष्प आदि अर्पित करने के बाद दूध या जल से अभिषेक किया। मंदिर के पूजारी शिव तिवारी ने बताया कि सुबह से ही हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग की 108 बार परिक्रमा कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। शिव मंदिर में पूरे दिन रुद्राभिषेक चलता रहेगा। सावन का दूसरा सोमवार होने के कारण मंदिर में मत्था टेका और भोले बाबा का जलाभिषेक किया। सुबह से ही शिवालयों पर भक्तों द्वारा हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे।

**शिवालयों में बम-बम भोले की रही गूंज**





कार्यक्रम

## गीत व नाटक के माध्यम से सद्गुरू के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया



**बिलासपुर।** एक दिवसीय जोन-स्तरीय निरंकारी महिला संत समागम का आयोजन किया गया। जिसमें सत्गुरू का संदेश लेकर ब्रम्हज्ञानी संत बहन संगीता तिवारी के सानिध्य में रविवार को स्थानीय सत्संग भवन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूवात बहन पद्मा सचदेव द्वारा अवतारवाणी के गायन से किया गया है, तदोपरांत विभिन्न जिलों से आई बहनों ने गीतों, नाटक के माध्यम से सत्गुरू के सत्य संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। सन्त निरंकारी मिशन कोई धर्म या सप्रंदाय नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक विचारधारा है। संगीता तिवारी ने कहा की निरंकारी मिशन महत्वपूर्ण शिक्षाओं में एक शिक्षा मर्यादा में रहकर गुरू के आर्शीवाद प्राप्त करने की शिक्षा दे रहा है। निरंकारी मिशन द्वारा एक अविनाशी ईश्वर जो कण-कण में हैं, जिसे अग्नि जला नहीं सकती, शस्त्र काट नहीं सकतें, हवा उड़ा नहीं सकती, पानी गिला नहीं कर सकती, जो युगों-युगों से है, जिस ज्ञान का बोध श्री कृष्ण ने अर्जुन को कुरूक्षेत्र में ज्ञान चक्षु देकर दिया था, ऐसा ही ब्रम्हज्ञान आज समय के सत्गुरू माता सुदीक्षा महाराज देकर संगतों को प्रेम एवं भाईचारे की भावना ला रही हैं।

## पीतांबरा पीठ में रूद्राभिषेक

सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में सावन महोत्सव श्रावण मास मे महारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ नमक चमक विधि द्वारा प्रारंभ हो गया है जो निरंतर एक माह तक चलेगा। सावन के अवसर पर त्रिदेव मंदिर में महारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 9 अगस्त सावन शुक्ल पूर्णिमा तक निरंतर चलेगा।

पीठाधीश्वर आचार्य डॉक्टर दिनेश महाराज ने कहा कि श्रावण मास वर्षा एवं हरियाली का समय होता है और यह अति मनमोहक समय होता है,श्रावण मास का प्रत्येक दिन महत्वपूर्ण है, श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन करने तथा जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, जप इत्यादि का विशेष फल है, शास्त्रों के अनुसार श्रावण के महीने में माता पार्वती ने तपस्या करके भोलेनाथ को प्रसन्न किया था और उन्हें पति रूप में प्राप्त किया था। श्रावण कृष्ण एकादशी के परम पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल, सपत्निक उमेंदा देवी पटेल, गुणेंद्र पटेल, परमानंद पटेल, लोहरेश्वरी देवी, नयन पटेल के साथ सहपरिवार पहुंचकर शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक किये। इस अवसर पर पंडित ब्रह्मचारी मधुसूदन पाण्डेय, पं.चिरंजीवी पाण्डेय, पं. भुवनेश शर्मा, केसरी नंदन पाण्डेय, पं.किशन तिवारी, पं. दुर्गेश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।



गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल ने सपत्निक किया रुद्राभिषेक।



## महादेव का रूद्राभिषेक किया गया



सावन के दूसरे सोमवार को क्रान्तिनगर स्थित की संकट मोचन हनुमान मंदिर में सच्या प्रदोष काल पर विधि विधान से नर्मदेश्वर महादेव का रूद्राभिषेक किया गया,समस्त मंत्रो से भोलेनाथ का अभिषेक सम्पन्न हुआ। अभिषेक में विधा केडिया, सीता मंजू आर्या, शशी बक्शी, कविता बख्शी, भरतु गुजा, गीता सिंह, नैना रस्तोगी, सुमन अठवाल, कामना सूरी, पद्मा अग्रवाल, सरोज गुप्ता, कविता भट्ट, रुचि अग्रवाल, भगवती शर्मा, लक्ष्मी, भानुमति, शांति मिला, आमा लाल आदि उपस्थित थे।

## पंचाक्षरी मंत्र का जाप किया

माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने सावन सोमवार की पूजा कर पंचाक्षरी मंत्र का जाप किया। कामिका एकादशी का संयोग शिव उपासना दुर्लभ बना दिया। सामान्य दिनो की अपेक्षा आज के पूजन का फल अधिक मिलता है। इसके साथ भजन-कीर्तन भी किया। सभी ने स्वास्थ्य शांति, उन्नति की कामना भगवान से की। इस मौके पर कृष्णा, पूजा, किरण, नीता, ममता, ज्योती, सरिता, सरोज, सभी सखियों ने पूजा कर शिव का आशीर्वाद लिया।



भ्रमण

## बीज गुणवत्ता की बारीकियों से हुए परिचित व्यवहारिक ज्ञान से समृद्ध हुए छात्र



**बिलासपुर।** बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, बिलासपुर के बी.एस.सी. प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने बीज उत्पादन तकनीकी पाठ्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण डॉ. अवनीत कुमार, वैज्ञानिक के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं जैविक प्रमाणीकरण संस्था के अंतर्गत संचालित बीज परीक्षण प्रयोगशाला एवं जी.ओ.टी. प्रक्षेत्र, चोरभट्टी, बिलासपुर का दौरा किया। नई शिक्षा नीति के अनुरूप, केवल कक्षा शिक्षण तक सीमित न रहकर छात्र-छात्राओं को व्यवहारिक अनुभवों से जोड़ने की दिशा में यह भ्रमण अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। बीज उत्पादन तकनीकी के विविध पहलुओं को प्रत्यक्ष रूप से देखने, समझने और जानने का अवसर प्राप्त हुआ, जिससे उनके सैद्धांतिक ज्ञान को एक ठोस व्यवहारिक आधार मिला। प्रयोगशाला प्रभारी ने विद्यार्थियों को बीज परीक्षण प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी दी।

## वर्ल्ड ब्राम्हण फेडरेशन का सावन झूला उत्सव

वर्ल्ड ब्राम्हण फेडरेशन महिला इकाई जिला अध्यक्ष प्रभा तिवारी के द्वारा सावन के पवित्र माह में 'सावन झूला उत्सव' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन और ब्राह्मण समाज बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रभा तिवारी ने बताया कि यह उत्सव हमारी समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को जीवंत रखने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मनाया जाता है, जिससे नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे। इन्होंने कहा की सावन का मास भगवान शिव को समर्पित है,यह प्रकृति के सौंदर्य, हरियाली और नवजीवन का प्रतीक है। सावन मास में धरती पर चारों ओर हरियाली की चादर बिछ जाती है और वातावरण में एक अद्भुत सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह ऊर्जा हमारे मन को शांति और सकारात्मकता प्रदान करती है, जिससे हम आध्यात्मिक रूप से भी सशक्त महसूस करते हैं। झूला उत्सव हमारी प्राचीन परंपरा का एक अभिन्न अंग है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखता है। यह उत्सव न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि यह आपसी सौहार्द, प्रेम और एकता का संदेश भी देता है। एक साथ मिलकर उत्सव मनाने से हमारे बीच की दूरियां मिटती हैं और आपसी संबंध प्रगाढ़ होते हैं। ऐसे आयोजनों से हमारी युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति और मूल्यों को गहराई से समझती कर प्रेरणा लेती है तथा उन्हें भविष्य में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित होती है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी गौरवशाली विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। आयोजन में प्रमुख रूप से प्रभा तिवारी, डॉ. आरती पांडे, विमलेश तिवारी, दिव्या चतुर्वेदी, रेखा दुबे, अर्चना शुक्ला, शशि तिवारी, मनीषा मिश्रा, श्वेता पांडे, प्रेमलता दुबे, ऋचा दुबे, सुषमा पांडे, रश्मि चौबे, ज्योति तिवारी, ज्योति शुक्ला, संध्या शर्मा, साधना दुबे आदि विप्रजन उपस्थित थे।



## सुआ नृत्य ने सभी का मन मोह लिया

मां सतबहनियां दाई महिला सेवा समिति कुदुदण्ड की महिलाओं ने सावन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मधु मानिकपुरी को सावन सुंदरी चुनी गई, सभी महिलाएं हरे रंग की वेशभूषा में सज-धज कर आये थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर भोलेनाथ की भजन-कीर्तन से शुरूआत किया गया। सावन मास की इस पवित्र माह में महिला समिति द्वारा प्रतिदिन मंदिर में भोलेनाथ की भजन-कीर्तन चल रहा है। इसमें मोहल्ले के महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में मोमबत्ती में चूड़ी डालना हाथ पर जलते हुए तिलि रखकर, गुब्बारे को हवा में रखकर गिलास का पिरामिड बनना, पाशा चलकर चूड़ियां डालना, ग्रुप डांस, एकल डांस, सुआ नृत्य ने सभी का मनमोह लिया। बच्चे भी इस कार्यक्रम भाग लिए सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। खेल, नृत्य में प्रथम, द्वितीय, तृतीय को पुरस्कार दिया गया।



## सावन उत्सव में संगीता बनी सुंदरी

महिला मंडल द्वारा सावन उत्सव का आयोजन किया गया,इस कार्यक्रम में बहुत से रंगारंग कार्यक्रम गेम एवं सावन सुंदरी का प्रोग्राम रखा गया। जिसमें सावन सुंदरी का खिताब संगीता बरसैयां को मिला। पंक्चुअलिटी सपना सेठ ने जीती, महिलाओं के गेम में वर्षा बरसैयां को प्रथम पुरस्कार मिला। द्वितीय पुरस्कार दीपाली नीखरा और तृतीय पुरस्कार रीना नीखरा को मिला।



स्पोर्ट्स

## राज्य स्तरीय बैडमिंटन में आर्य दुबे का चयन



**बिलासपुर।** राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के खिलाड़ी आर्य दुबे का चयन हुआ है। मीडिया प्रभारी आशुतोष पांडे ने बताया कि संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन मिनी स्टेडियम गांधी चौक में आयोजित किया गया था। इसमें राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए कक्षा दसवीं के कड़ार निवासी आर्य दुबे का चयन हुआ है। चकरभाठा पीएम श्री स्वामी आत्मानंद के प्राचार्य रामकुमार अनंत ने कहा कि यह हमारे स्कूल के लिए बहुत गौरव का क्षण है, और शुभकामनाएं दी। व्याख्याता मनोज कुमार यादव ने बताया कि वह लगातार कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास से उपलब्धि हासिल की है, चयनित विद्यार्थी को संस्था के प्राचार्य के साथ- साथ खेल शिक्षक पीयूष कोमरे, वेद प्रकाश साहू मनोज कुमार यादव, आशुतोष पांडे,कौस्तुभ स्वर्णकार ने बधाई दी।

कार्नर न्यूज

तांबे-पीतल के बर्तन के पानी से सुधर रहा पाचन तंत्र, बोतल में लोक कलाकृति बना रही और आकर्षक

# तांबा-पीतल के बर्तनों के पानी से सुधरता है पाचन तंत्र

*आधुनिक जीवनशैली के प्रभाव में जहां एक ओर स्टील, जर्मन और फाइबर जैसे आधुनिक बर्तनों का चलन बढ़ा था, वहीं अब एक बार फिर लोग परंपरागत धातुओं, विशेष तौर पर तांबा और पीतल की ओर लौटते नजर आ रहे हैं। बीते दो से तीन वर्षों से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है, जिसके चलते वे औषधीय गुणों से युक्त तांबा और पीतल के बर्तनों को अपनी दिनचर्या में वापस शामिल कर रहे हैं।*

**बाजार में लोक कलाकृति से सजी बोतलें भी बनीं खास**

**बिलासपुर।** दुकानदारों के अनुसार, इस बदलाव के पीछे सोशल मीडिया और चिकित्सकीय सलाह की अहम भूमिका है। कोरोनाकाल के बाद से लोग प्राकृतिक जीवनशैली और स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों को अपनाने लगे हैं, जिसका असर रसोई में उपयोग होने वाले बर्तनों की पसंद पर भी स्पष्ट दिख रहा है। इन दिनों हाईप्रोफाइल से लेकर मध्यवर्गीय परिवार, तांबा, कांसा और पीतल जैसे औषधीय गुणों वाले बर्तनों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने लगे हैं। बाजार में बर्तनों की मांग इतनी बढ़ी है कि कंपनियां अब इन्हें आधुनिक डिजाइन और आकर्षक लुक के साथ पेश कर रही हैं। दुकानदारों के अनुसार, केवल तांबे के बर्तनों का वार्षिक टर्नओवर 4 से 5 लाख रुपए तक पहुंचने लगा है, जो बीते कुछ सालों में ही संभव हो सका है।



### अहमदाबाद, मथुरा, मुरादाबाद अलीपुर से मंगाए जा रहे बर्तन

पिछले 2-3 सालों में तांबा, पीतल और कांसा के बर्तनों की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। पहले दुकान में 800 स्क्वेयर फीट जगह तांबा के बर्तनों के लिए तय थी, लेकिन लोगों की बढ़ती डिमांड को देखते हुए इसे 1500 स्क्वेयर फीट कर दिया गया है। दुकान संचालक ने बताया कि दुकान में तांबे के डिजाइनर जग, ग्लास, बॉटल और जार की खरीदी सबसे अधिक हो रही। बर्तनों को अहमदाबाद, मथुरा, मुरादाबाद, अलीपुर जैसे भारत के विभिन्न क्षेत्रों से मंगाया जाता है। ऐसे में एक साल का लगभग टर्नओवर 4-5 लाख रुपए केवल तांबे के बर्तनों का होता है। बाजार में सबसे अधिक चलन कांसे की थाली का सेट है, लोग गृहप्रवेश या त्योहार में उपहार की तरह इसकी खरीदी कर रहे हैं। दुकान में 300 से लेकर 6 हजार रुपए तक के बर्तन उपलब्ध हैं, जिसमें शाही लुक जग सेट भी है।



### बॉटल को नेचर थीम, मंडाला आर्ट और एथनिक प्रिंट से सजा रहे

दुकान संचालक ने बताया कि दुकान में तांबा, पीतल, कांसा, जर्मन, लोहा, स्टील और फाइबर से तैयार बर्तन क्लासी लुक के साथ उपलब्ध हैं। तांबा, पीतल, कांसे की सौ से अधिक डिफरेंट डिजाइन में बर्तन यहां हैं। इन दिनों तांबे की बॉटल और ग्लास की खरीदी सबसे अधिक हो रही है। बॉटल को रंगीन आकृतियों के साथ नेचर थीम, मंडाला आर्ट और एथनिक प्रिंट के साथ सजाया जा रहा, जिससे उनकी मांग और कीमत भी अधिक हो रही है। बढ़ती मांग के अनुसार, एक साल में तांबे के बर्तन का टर्नओवर लगभग 2-3 लाख रुपए तक पहुंच जाता है।

### शरीर में एंटीऑक्सीडेंट की तरह कर रहे काम

हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव त्रिपाठी ने बताया कि तांबा और पीतल के बर्तन हैवी मेटल की श्रेणी में आते हैं, जो शरीर में एंटीऑक्सीडेंट की तरह काम करते हैं। इन दिनों लोग पानी और भोजन के लिए इन बर्तनों का प्रयोग कर रहे हैं, जो उनके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। ये शरीर में मौजूद हानिकारक फ्री रेडिकल्स का विरोध करने में सहायता करते हैं। सरल शब्दों में समझें तो शरीर का वह हिस्सा जो डैमेज हो रहा है, उसे ऑक्सीडेटिव करने में मदद करते हैं।

## खबर संक्षेप

### पौंसरी स्कूल में बाल सभा का गठन



**बोदरी।** शाला पूर्व माध्यकमिक शाला पौंसरी में बाल सभा का गठन किया गया। चुनाव की प्रक्रिया पूरे प्रजातांत्रिक नियम से किया गया। बच्चों को समझाया गया फिर उनसे फार्म भरवाया गया। फार्म वापस लेने का समय दिया गया कक्षा 6वीं से 8वीं का कक्षा नायक का वोटिंग कराया गया जिसमें कक्षा 6वीं पार्वती को नायक एवं लोकेश कुर्रे को उपनायक चुना गया। कक्षा 7वीं से दीपिका यादव आरुषि ध्रुव तथा 8वीं सेकु कोमल साहू पंकज जगत को चुना गया। शाला नायक का चुनाव किया गया कक्षा आठवीं की छात्रा साक्षी मरावी को नायक एवं निखिल ध्रूव को उपनायक चुना गया। चुनाव अधिकारी के लिए रागिनी वाल्टर पद्मजा पाण्डेय राजकुमारी कश्यप को नियुक्त किया गया। श्रीलक्ष्मीचंद्र श्याम को पीठासीन तथा पूरे चुनाव की निगरानी स्वयं प्रधान पाठक कर रहे थे।

### बाल सखा संस्था ने किया मातृ-पितृ सम्मान



**बिल्हा।** बाल सखा बिल्हा द्वारा मातृ पितृ सम्मान, भजन एवं भंडारे का आयोजन शीतला मंदिर के प्रांगण में प्रातः 9 से 11 बजे तक किया गया। बाल सखा बिल्हा ग्रुप ने सावन माह के परिप्रेक्ष्य में भगवान शंकर का रुद्राभिषेक एवं पूजन किया। इसके पश्चात सभी सदस्यों के माता पिता का सम्मान करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 31 माता पिता का सम्मान किया गया। स्थानीय प्रतिभाशाली संगीत कलाकारों द्वारा भजन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बाल सखा ग्रुप द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया था जिसमें श्रद्धालु जनों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बाल सखा ग्रुप के सदस्य अपने परिवार सहित उपस्थित रहे। माता पिता एवं नगरवासियों ने इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### शतरंज स्पर्धा में अमृतेश बने बेस्ट अनरेटेड खिलाड़ी



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर 15 फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन 17 से 20 जुलाई को भिलाई के अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया। स्पर्धा में मुंगेली जिले से कुल 12 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें मुंगेली जिले के खिलाड़ी अमृतेश उपाध्याय ने 9 चक्रों में बिना कोई मैच हारे 7 अंक अर्जित किया। जिसमें उनकी रेटिंग परफॉर्मेंस 1746 की रही। इस परफॉर्मेंस पर उन्हें बेस्ट अनरेटेड खिलाड़ी के रूप में नकद राशि एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनके अतिरिक्त अंशुल शर्मा ने 5.5 अंकों के साथ बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी रेटिंग में 42 अंक का इजाफा किया। खिलाड़ियों में संजीवनी कुर्रे, सौम्या सिंह राजपूत, आभाश्री साहू, सक्षम गुप्ता, आद्वित उपाध्याय, रुद्राक्ष शर्मा, अनिरुद्ध जायसवाल, अरशान मोहम्मद इब्राहिम, अंश केशरवानी और अमन कुमार मिरी ने भी अपने खेल का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। टीम के कोच ओमप्रकाश वन्दे एवं मैनेजर कामता सिंह कुर्रे थे। अभिभावक के रूप में सूर्यकांत शर्मा, निरंजन साहू, शाहिद मो.अख्तर, पूर्णिमा उपाध्याय मुख्य रूप से थे।

# सावन के दूसरे सोमवार को रतनपुर में उमड़ी शिवभक्तों की अपार भीड़

## मिट्टी के हजारों पार्थिव शिवलिंग बनाकर भोलेनाथ का पूजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सावन के दूसरे सोमवार को धर्मनगरी रतनपुर स्थित श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरव बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में शिवभक्तों का आना शुरू हो गया था। भक्तों ने पारंपरिक आस्था के अनुसार मिट्टी के हजारों पार्थिव शिवलिंग बनाकर भोलेनाथ का पूजन किया और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना की।

यह परंपरा केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक भी है। मंदिर समिति के अनुसार, यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें सावन के महीने में पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर भगवान शिव की आराधना की जाती है। पिछले वर्ष पांच लाख से अधिक शिवलिंग बनाए गए थे, जिन्हें पूजा के बाद नर्मदा नदी में विधिवत विसर्जित किया गया। इस वर्ष भी भक्तों की सहभागिता बड़ी संख्या में देखने को मिल रही है। मंदिर के महंत पंडित जागेश्वर अवस्थी ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण की परंपरा को लेकर बताया कि यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भीतर की शुद्धि और शिव से जुड़ने की साधना है। जब भक्त अपने हाथों से शिवलिंग बनाता है, तो वह अपने भीतर के अहंकार और विकार को मिट्टी के साथ समर्पित करता है। सावन में की गई यह साधना विशेष फलदायी होती है और शिव कृपा सहज ही प्राप्त होती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह परंपरा सनातन धर्म की जड़ में बसी हुई है, जो हर वर्ष लाखों लोगों को ध्यान, संयम और आस्था के मार्ग पर अग्रसर करती है।



### दिनभर चल रहे अनुष्ठान

मंदिर परिसर में सावन महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक आयोजन प्रतिदिन हो रहे हैं। इसके तहत सुबह 9 बजे से रुद्राभिषेक और महामृत्युंजय जाप, दोपहर 3 बजे से शिव महापुराण कथा, प्रदोष काल में स्फटिक शिवलिंग पर विशेष रुद्राभिषेक, आरती और पुष्पांजलि किया जा रहा है।

## पातालेश्वर महादेव में की गई विशेष पूजा

**मल्हार।** सावन माह के दूसरे सोमवार को भक्तों ने भगवान पातालेश्वर कल्प केदारनाथ में मत्था टेक जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं रुद्राभिषेक किया। बड़ी संख्या में युवतियों एवं महिलाओं की उपस्थिति रही। सुबह 5 से कांवरियों का दल नदियों से पवित्र जल लेकर अर्पित करने आए और बोल बम का जयघोष किया। यह सिलसिला संध्या आरती के समय तक लगातार चलते रहा। स्व. शंकर प्रसाद चौबे के निवास में श्रीमद् भागवत पुराण कथा का सोमवार को पांचवां दिवस था। आचार्य पंडित नीरज भूषण मिश्र ने श्रोताओं को श्री कृष्ण भगवान के जन्म की कथा सुनाई। कथा रात्रि 8 बजे तक चली। महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। रामप्यारी पांडे के निवास में नारी शक्ति द्वारा रामचरित मानस गायन का संगीतमय आयोजन किया गया। रामायण गायन पश्चात भजन संध्या के आयोजन में उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भजनों की प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में पुष्पा पांडे, गायत्री शर्मा, छाया शर्मा, सरोज पांडे, ममता शर्मा, राधा तिवारी, मोना श्रीवास, लिली मिश्रा, शिव कुमारी दुबे, उपासना पांडे, दुर्गेश्वरी पांडे, सुधा शुक्ला, रोशनी शुक्ला ने प्रस्तुति दी। हमेशा की तरह गायत्री वीरेंद्र शर्मा के निवास में मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग बनाकर अभिषेक पूजन अर्चन किया गया।

### भरनी में महाकालेश्वर का दर्शन करने भक्तों का लग रहा तांता



**सकरी।** श्रावण मास में क्षेत्र के शिवालयों में शिवभक्त पूजा - अर्चना करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। सकरी क्षेत्र के भरनी स्थित करिया मंदिर महाकालेश्वर में भक्तों की भीड़ लग रही है सोमवार प्रातः से ही भक्त दर्शन करने बड़ी संख्या में मंदिर पहुंच रहे है। मंदिर परिसर में जलाभिषेक, रूद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, सत्यनारायण कथा कर उत्तम स्वास्थ्य, धन, वैभव और सुख शांति की कामना लेकर भक्तजन विविध अनुष्ठान कर रहे हैं। उल्लेखनीय हो कि भरनी स्थित करिया मंदिर पूरे क्षेत्र में शिव महिमा कि आस्था का केन्द्र माना जाता है। मान्यता है कि भरनी स्थित महाकालेश्वर महादेव मनोकामना पूर्ण करने के लिए जाने जाते है यहां जो भी मन्नत भक्त मांगते है उसे भगवान भोलेनाथ पूरा करते है। मंदिर में पूजा अर्चना कराने एवं व्यवस्था बनाने भुवनेश दुबे पंडा महाराज, पं. उत्तम अवस्थी, रामचंद्र पाठक, संतोष अवस्थी, अभय कौशिक, राकेश यादव, करण कौशिक, राजू साहू, गमन कौशिक, प्रियांशु कौशिक, हरनारायण अवस्थी, रघुवीर यादव, इंद्रपाल यादव, दिनेश यादव, लल्लू कौशिक, हनी अवस्थी, हिमांशु कौशिक, राकेश अवस्थी जुटे हुए हैं।



### नपा अध्यक्ष ने पत्नी सहित शीतला माता मंदिर में किया रुद्राभिषेक

**पेंड्रा।** सावन के दूसरे सोमवार को नगर परिषद पेण्ड्रा के अध्यक्ष ने अपनी पत्नी के साथ रुद्राभिषेक में भाग लिया और पेण्ड्रा शहर सहित जीपीएम जिले व सारे जगत की खुशहाली और उन्नति के लिए भगवान से आशीर्वाद मांगा। इस रुद्राभिषेक को पंडित सीताराम उरमलिया, पंडित कृष्णदत्त उरमलिया एवं श्रीधर उरमलिया के सानिध्य में यह रुद्राभिषेक कराया जा रहा है। नपा अध्यक्ष राकेश जालान ने शिव आराधना के लिए समर्पित पवित्र श्रावण मास के द्वितीय सोमवार पर इष्ट देव भगवान शिव को नमन किया।

### खरीफ फसल सर्वेक्षण कार्य 15 अगस्त से

**मुंगेली।** डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्यक्रम अंतर्गत जिले के समस्त राजस्व ग्रामों में खरीफ फसल वर्ष 2025 हेतु सर्वेक्षण कार्य 15 अगस्त से 30 सितंबर तक किया जाएगा। सर्वेक्षण का उद्देश्य सटीक और पारदर्शी फसल आंकड़े एकत्रित कर कृषि नीतियों एवं योजनाओं को प्रभावी बनाना है। भू-अभिलेख शाखा प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्येक ग्राम में 20 योग्य सर्वेक्षकों का चयन किया जाएगा। इसके लिए 18 वर्ष से अधिक आयु के इच्छुक युवक-युवतियाँ आवेदन कर सकते हैं। चयनित सर्वेक्षकों को तहसील स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा एवं उन्हें डिजिटल एप के माध्यम से कार्य करना होगा। प्रत्येक सर्वेक्षक को प्रारंभिक रूप से 25 खसरों का सर्वेक्षण कार्य सौंपा जाएगा, जिसकी प्रगति एवं गुणवत्ता के आधार पर आगामी कार्य आबंटित किया जाएगा। एप में दर्ज सटीक जानकारी के आधार पर ही सर्वेक्षण स्वीकार किया जाएगा। सर्वेक्षण कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु प्रत्येक प्रविष्टि की जांच तहसील स्तर के अधिकारियों द्वारा की जाएगी।

## निधन

### गुरुबचन लाल माखीजा



**बिलासपुर।** पाटलिपुत्र नगर निवासी गुरुबचन लाल माखीजा का 21 जुलाई को निधन हो गया। वे स्व. देशा सिंह माखीजा के पुत्र, स्व. मदन लाल माखीजा व राजेश कुमार मखीजा के पिता थे।

### सतीश पाण्डेय



**तखतपुर।** बेलसरी निवासी सतीश पाण्डेय 55 वर्ष का 20 जुलाई को निधन हो गया। वे शुभम पाण्डेय के पिता और दिलीप पाण्डेय के बड़े भाई थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बेलसरी में किया गया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया बिजली आफिस का घेराव

## अघोषित बिजली कटौती से लोग हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

नगर कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को बरेला स्थित बिजली ऑफिस का घेराव किया। कांग्रेस नेता आशीष सिंह ठाकुर ने कहा कि बिजली के दाम बढ़ने से आम लोगों का बजट गड़बड़ा गया है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष बिहारी देवांगन ने कहा कि नगर में अघोषित बिजली कटौती हो रही है। पार्षद मुन्ना श्रीवास ने कहा कि आज हम अपनी समस्या को अवगत कराने के लिए बिलजी ऑफिस का घेराव कर रहे हैं। जनता की समस्या का तत्काल निराकरण किया जाए। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजय देवांगन ने कहा कि तखतपुर में नहीं के बराबर बिजली आती है जब देखो बिजली की आंख मिचौली चलती रहती है। नगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय से बाइक से निकलकर मेन रोड में नारे बाजी करते हुए बरेला बिजली ऑफिस का घेराव किया गया। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जनपद सदस्य सुरेश सिंह पार्षद सुनील जांगड़े चंद्रप्रकाश देवांगन अभिषेक पाण्डेय संजय गुप्ता राजवीर हुरा शैलेन्द्र निर्मलकर करीम कुरैशी जितेंद्र राज दिनेश देवांगन मुकेश तिवारी राजू सिंह ठाकुर लक्ष्मी यादव अवधेश शुक्ला मो अजमत हुसैन आदर्श बंजारे सिद्धांत आहूजा राजेश बंजारे प्रियांशु डहरिया रोमी अंकित उदय वासुदेव उपस्थित रहे।

# कोनी में शराब दुकान बंद करने कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन



**बिलासपुर।** कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास ने सोमवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल से भेंट कर कोनी में तत्काल प्रभाव से शराब दुकान बंद करने, अरपा नदी में अवैध उत्खनन रोकने एवं अवैध उत्खनन से कोनी में हो रहे नदी तट कटाव पर तट बंधन रिटेनिंग वॉल निर्माण करने संबंधी मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर त्रिलोक श्रीवास ने कहा कि कोनी वार्ड क्रमांक 68 स्वामी रामकृष्ण परमहंस नगर में तीन विश्वविद्यालय स्थित है। इसके अलावा इस क्षेत्र में कई शिक्षण संस्थाएं हैं, जहां पूरे देश से एवं प्रवासी भारतीय छात्र-छात्राएं हजारों की तादाद में रहते हैं। शिक्षा के मंदिर के तले शराब दुकान होना विडंबना की बात है, विगत कई वर्षों से लगातार कोनी क्षेत्र में शराब दुकान बंद करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने जिलाधीश से अविलंब शराब दुकान को बंद करने की मांग की है। उन्होंने अरपा नदी में हो रहे अवैध उत्खनन के कारण कोनी क्षेत्र में लगातार नदी तट कटाव हो रहे हैं, जिससे भयावह समस्या उत्पन्न हो गई है, नदी तट कटाव रोकने के लिए रिटेनिंग वॉल, पचरी निर्माण करने की मांग की गई है।

# कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता ही संगठन की मजबूती: शैलेश



**पेंड्रा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के उदयपुर अधिवेशन में संगठन सृजन अभियान का संकल्प पारित किया गया था, जिसमें कांग्रेस संगठन में राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं की भागीदारी तथा अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़े वर्ग की भागीदारी को लेकर चर्चा की गई थी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का संगठन सृजन अभियान के तहत पूर्व विधायक शैलेश पांडे को जीपीएम जिले का प्रभारी बनाया गया है।

बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेश पांडे ने सोमवार को गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में कांग्रेस जनों की बैठक ली और कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की मजबूती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की दिशा निर्देश पर कल जीपीएम जिले में भी पेंड्रा मुख्य मार्ग में आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी तथा कांग्रेस जनों के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में केके ध्रुव, उत्तम वासुदेव मनोज गुप्ता, गाजमती भानू प्रशांत श्रीवास, अमोल पाठक, राकेश जालान, जयदत्त तिवारी अशोक शर्मा जीशंकर पटेल राकेश मसीह ,जैलेश सिंह, नारायण शर्मा, हरीश राय ,प्रफुल्ल प्रकाश, गिरिजरानी, विद्या राठौर, मंजू ठाकुर. श्वेता मिश्रा अजीत सिंह श्याम आदि मौजूद थे।

# अटल ने विधानसभा में उठाया घास भूमि का मुद्दा

**बिलासपुर।** सरकारी दस्तावेजों में घासभूमि के रूप में दर्ज भूमि वर्ष 1984-85 में अचानक शासकीय पट्टेदार के रूप में परिवर्तित कर दी गई। इस भूमि की खरीदी-बिक्री की अनुमति के लिए प्रकरण कलेक्टर को प्रस्तुत किया गया, लेकिन कलेक्टर द्वारा अनुमति नहीं दी गई। अब यही मामला वर्ष 2024 में कमिश्नरी पहुंचा, जहां संबंधितों को भूमि के विक्रय की अनुमति दे दी गई।

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के जरिए अब यह मामला विधानसभा पहुंच चुका है, जहां पूरे मामले की विस्तृत जांच करने एवं उक्त जमीन की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की गई है। सेंदरी ग्राम पंचायत स्थित जमीन खसरा नंबर 2095/2 जिसका रकबा साढ़े तीन एकड़ है। इस भूमि के संबंध में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा ध्यानाकर्षण लगाया गया है।

### आम लोगों को फंसाया जा रहा



यह जमीन एक सैनिक को आबंटित की गई थी, जिसमें खेती भी होती थी। सैनिक द्वारा उक्त जमीन छोड़कर जाने के बाद भू-माफियाओं की नजर पड़ी व इसके विक्रय के लिए कलेक्टर से अनुमति मांगी गई। कलेक्टर द्वारा विक्रय की अनुमति नहीं देने पर लोग प्रकरण लेकर कमिश्नरी चले गए। भू-माफिया अब उस जमीन का ले-आऊट पास करवाकर प्लॉटिंग कर रहे हैं, जिसमें आम लोग फंस रहे हैं। पूरे मामले की विस्तृत जांच कर उक्त खरीदी-बिक्री न केवल निरस्त होनी चाहिए, बल्कि संबंधितों पर कार्रवाई भी होनी चाहिए।

-अटल श्रीवास्तव, विधायक कोटा

### जानकारी भेज दी गई है

इस संबंध में विधानसभा प्रश्न आया है, जिसकी जानकारी भेज दी गई है। निर्देश आने पर मामले की विस्तृत जांच कर दी जाएगी।

-मनीष साहू, एसडीएम बिलासपुर

## सहकारी समितियों से 25 तक मंगाए गए आवेदन

**मुंगेली।** ग्राम चमारी और बोदा में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां एवं अन्य सहकारी समितियों से 25 जुलाई तक आवेदन मंगाए गए हैं। मुंगेली अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बताया कि इच्छुक समितियां आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली में कार्यालयीन समय पर जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया और पात्रता संबंधी अधिक जानकारी संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमसेना, तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र./क./सीमांकन/रा.नि./2025
अमसेना, दिनांक 21.07.2025

प्रति, 1. नितीशा प्रकाश (आवेदिका) 2. निशिराज ठाकुर 3. अन्य हितबद्ध पक्षकार

विषय: सीमांकन के समय उपस्थित रहने बाबत्।

संदर्भ: न्याया.तह./ अति./नायब तहसीलदार सकरी के ज्ञापन क्रमांक/Q/ना.तह./2025 दिनांक 26.05.2025

ग्राम छतौना प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. अमसेना, तहसील सकरी स्थित भूमि ख.नं. 1078/66 रकबा क्रमशः 0.150 हेक्ट. के सीमांकन हेतु नितीशा प्रकाश पिता/ पति अनुनय सिंह निवासी रामा लाईफ सकरी द्वारा न्यायालय तह./ अति. तह./ नायब तह. सकरी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है।

न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 26.07.2025 को 11.00 से 5.00 बजे का किया जाना है, जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उपस्थिति नही होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

टीप: आवेदक सीमा चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

(धारा कश्यप)
राजस्व निरीक्षक, अमसेना

**न्यायालय श्रीमान विजेन्द्र सोनवानी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

सक्सेशन सार्टिफिकेट का मिलने के लिये दीगई आवेदन का नोटिस

प्रो.क्र. 127/25

इंडियन सक्सेशन एक्ट 1925 धारा 73 (1)

प्रो.क्र. 39/2025
पे.दि. 04.08.2025
आ.दि. 07.07.2025

मनीष दुर्गे वगै. विरूद्ध आम जनता वगै.

प्रति, आम जनता, जिसका संबंध हो

इस न्यायालय में आवेदकगण मनीष दुर्गे वगै. द्वारा स्व. श्री भास्कर गोपाल राव दुर्गे पिता स्व. श्री गोपाल राव दुर्गे निवासी श्री शिवहनुमान मंदिर के पास तिलक नगर तह, व जिला बिलासपुर छ.ग. बैंक ऑफ महराष्ट्र शाखा -0460 मुख्य शाखा मध्य नगरी चौक इदगाह रोड बिलासपुर के पास जमा राशि 1058949. रूपये 30 पैसा (दस लाख अन्ठावन हजार नौसौ उन्नचास रूपये तीस पैसा की राशि के संबंध में उत्तराधिकार का प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु एक आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई दिनांक 04.08.2025 को दिन के 11.00 बजे मेरे न्यायालय में होगी। अतः जिस किसी व्यक्ति की उक्त दर्शित स्व. श्री भास्कर गोपाल राव दुर्गे पिता स्व. श्री गोपाल राव दुर्गे की उक्त राशि में कोई अधिकार या, हित हो तो आवेदन पत्र की सुनवाई तिथि 04.08.2025 को इस न्यायालय के समक्ष 11.00 बजे उपस्थित हो कर सुनवाई में भाग ले तथा अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र का निराकरण कर दिया जावेगा।

नोट :- यदि किसी कारण वश उपरोक्त सुनवाई तिथि को स्र्वाजनिक अवकाश हो जाता है, अथवा कार्य स्थगित हो जाता है, तो उक्त प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस की जावेगी। आज दिनांक 14.07.2025 को इस न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

दिनांक - 14.07.2025

(विजेन्द्र सोनवानी)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र........ ब-121/2025
क्रमांक /38/वाचक/तह./2025
लालपुर थाना दिनांक : 9.07.2025

सर्वधारणा/आम जनता ग्राम छिरहुट्टी को सूचित किया जाता है कि आवेदक सीताराम पति/पिता श्री भाईराम जाति रावत साकिन छिरहुट्टी तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता /माता/पुत्री/पुत्र/दादी /भाई/बहन बुआ सुदामा बाई आ.श्री पहारी के मृत्यु दिनांक 16.12.2024 ग्राम छिरहुट्टी को हो जाने के कारण जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 23.07.25 समय प्रातः 14.00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
लालपुर, थाना, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**फर्म में संशोधन की सूचना**

M/s SHREE KRISHNA OIL INDUSTRIES जो की 09/06/2015 से अस्तित्व में है तथा जिसका फर्म पंजीयन क्रमांक 222202463905 है जो 13/06/2024 को बिलासपुर में पंजीयन हुआ था, जिसका कार्यालय SIRGITTI INDUSTRIAL AREA, BILASPUR है में से पार्टनर SHRI ASHOK KUMAR SAHU S/O SHRI BOHIT RAM SAHU दिनांक 25/04/2025 से सेवा निवृत्त हो रहे हैं तथा SHRI AKSHAY SAHU S/O SHRI ASHOK KUMAR SAHU दिनांक 25/04/2025 से ही नये भागीदार के रूप में दाखिल होंगे। उक्त सूचना के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो दस्तावेज के साथ मुझसे मेरे कार्यालय में 7 कार्यदिवस में मिले।

ADITYA RATHORE
Mo.-9522199484

**ईश्तेहार**

मैं अनिल बुनकर पिता स्व. पचकौड़ बुनकर, उम्र 65 वर्ष निवासी मनोहर टॉकीज के पीछे कमली बाबा की मजार के पास, पचरीघाट जूना बिलासपुर थाना सिटी कोतवाली, तह. व जिला बिलासपुर का निवासी हूं।

1/ यह कि सर्वविदित हो कि मैं अपने हक व स्वामित्व की भूमि, मकान, दुकान व जेवर व नगदी रूपया, मेरे बैंक अकाउंट, एफडी, आरडी जो कि मेरे स्वयं के नाम पर मेरी पत्नी के नाम पर है या भविष्य में होने वाली उस संपत्ति पर किसी भी प्रकार से मेरे द्वितीय पुत्र संदीप कुमार बुनकर का हक व स्वामित्व नहीं होगा।

2/ यह कि मेरे पुर्वजों के नाम पर जो मेरा मकान है व जब तक हम समस्त भाईयों में बंटवारा या आपसी बातचीत से सहमति होकर ही किसी और को हस्तांतरित की जायेगी अन्यथा नहीं। मैं पिता अनिल कुमार बुनकर जो कि संदीप कुमार बुनकर का पिता हू, को अपने समस्त संपति व जायजाद से बेदखल करता हूं।

श्रीमती लीना अग्रहरि (अधिवक्ता)
उस्लापुर, बिलासपुर (छ.ग.)
रजि.नं. 1026/2006
मो.नं. 8319270969

समक्ष:- श्रीमान नोटरी महोदय लोरमी जिला मुंगेली छ.ग.

::शपथ पत्र ::

मैं मोंगरा डहरिया उम्र 49 वर्ष पिता/पति श्री पोरेन्द्रपाल डहरिया जाति सतनामी निवासी ग्राम जोतपुर तह. लोरमी जिला मुंगेली छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक बयान करती हूँ :-

01. यह कि मै उपरोक्त ग्राम के निवासी हूँ।

02. यह कि मेरी नाम पर आधार नं. 5932 4389 0416 में रामकुमारी डहरिया पति पोरेन्द्रपाल के नाम से आधार लिंक अपलोड हुई है।

13. यह कि मेरे नाम पर उक्त आधार नं व राशनकार्ड एव राजस्व रिकार्ड में मोंगरा डहरिया पति पोरेन्द्रपाल के नाम जारी हुई है। मेरी वास्तविक नाम मोंगरा डहरिया है।

4. यह कि मै उक्त आधार नं को नाम मोंगरा डहरिया पति पोरेन्द्रपाल के नाम से आधार लिंक अपलोड करने हेतु एवं रामकुमारी डहरिया को आधार लिंक विलोपित करने हेतु यह शपथपत्र NOTARY अधिकारी के समक्ष निष्पादित करती है

शपथकर्ता के हस्ताक्षर

// सत्यापन //

मैं मोंगरा डहरिया यह सत्यापित करता हूँ कि कण्डिका कं. 01 से 04 तक के समस्त बातें जानकारी में सही व सत्य है जिसे आज दिनांक 04/06/2025 को लोरमी स्थान मे पढ़कर समझकर, अपना हस्ताक्षर कर निष्पादित किया।

सत्यापनकर्ता
मोंगरा डहरिया

**नाम परिवर्तन सचूना**

मैं मीना रॉबर्टसन उम्र 49 वर्ष पति सुनील कुमार रॉबर्टसन जाति इसाई निवासी ए.एस.डी.-104, आसमा सिटी सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. की हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूं कि:

1. यह कि मेरी विवाह के पूर्व मैं मीना कुमारी लाल पिता स्व. सुशील कुमार लाल के नाम से जानी व पहचानी जाती थी तथा मैंने अपनी समस्त शिक्षा अपने पिता जी के साथ रहकर प्राप्त किया है, इसलिए मेरी समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम मीना कुमार लाल पिता स्व. सुशील कुमार लाल दर्ज है।

2. यह कि मेरी शादी दिनांक 14.02.1997 को श्री सुनील कुमार रॉबर्टसन के साथ ए.एस.डी.-104, आसमा सिटी सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) में सम्पन्न हुई है तब से मैं श्रीमती मीना रॉबर्टसन पति श्री सुनील कुमार रॉबर्टसन ए.एस.डी.-104, आसमा सिटी सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के नाम से जानी एवं पहचानी जाती हूं।

3. यह कि अब वर्तमान में मुझे श्रीमती मीना रॉबर्टसन पति श्री सुनील कुमार रॉबर्टसन ए.एस.डी.-104, आसमा सिटी सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के नाम से जाना जावे समझा जावे, पुकारा जावे एवं समस्त रिकार्ड में दुरूस्त किया जावें।

4. यह कि यह शपथपत्र उक्त कथन के समर्थन में निष्पादित कर रही हूं।

शपथकर्ती- मीना रॉबर्टसन

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)

रा.प्र.क्र........................ब-121/2025
क्रमांक/194/वाचक/तह./2025
लालपुर थाना दिनांक 17.7.25

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम बिजराकापा कला को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिसाहु राम पति/पिता श्री सुखऊ जाति गोड़ साकिन बिजराकापा कला तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ0ग0) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/पुत्री/पुत्र/दादा/दादी/ भाई/बहन नाना सदाराम आ0 श्री खोरबहरा के मृत्यु दिनांक 09.2.1974 ग्राम बिजराकापा कला को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 31.7.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
लालपुर थाना, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)

रा.प्र.क्र................ब-121/2025
क्रमांक/195/वाचक/तह./2025
लालपुर थाना दिनांक 17.7.25

सर्वसाधारण/ आम जनता ग्राम बिजराकापा कला को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिसाहु राम पति/पिता श्री सुखऊ जाति गोड़ साकिन बिजराकापा कला तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ0ग0) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/पुत्री/पुत्र/दादा/दादी/भाई/बहन नानी बराता बाई आ. श्री सदाराम के मृत्यु दिनांक 05.07.2005 ग्राम बिजराकापा कला को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 31.7.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
लालपुर थाना, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### रमन विश्वविद्यालय ने जायसवाल को दी पीएचडी की उपाधि

**बिलासपुर।** डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा ने जीवनलाल जायसवाल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध बिलासपुर जिले का एतिहासिक परिदृश्य एक अनुशीलन प्रारंभ से 1947 तक विषय पर पूरा किया है। उन्होंने अपने शोध में बिलासपुर जिला के विविध ऐतिहासिक आयामों को शामिल किया है। श्री जायसवाल ने बिलासपुर के सामाजिक विज्ञान संकाय इतिहास प्रभाग के सह प्राध्यापक डा. महेश कुमार शुक्ला के निर्देशन में इस शोध कार्य को पूरा किया है।



### एसईसीएल ने 60 मरीजों को किया पोषण किट का वितरण



**बिलासपुर।** एसईसीएल द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत 21 जुलाई को वसंत विहार, स्थित रविंद्र भवन में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत पोषण किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास रहे। जिन्होंने टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की। कार्यक्रम में एसईसीएल के महाप्रबंधक सीएम वर्मा, आरके एचआईवी एड्स रिसर्च एंड केयर सेंटर मुंबई के चेयरमैन डॉ. धर्मेंद्र कुमार, सीएमएस डॉ. श्रुतिदेव मिश्रा एवं सीएसआर विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान 80 चिन्हित टीबी मरीजों में से 60 मरीजों को पोषण किट वितरित की गई। शेष 20 मरीजों को आगामी दिनों में परियोजना टीम द्वारा घर-घर जाकर किट प्रदान करेगी। यह पहल एसईसीएल की उस व्यापक मुहिम का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत कोल बेल्ट क्षेत्रों में अब तक 50 हजार से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। जिससे क्षेत्र में 314 टीबी मरीजों की पहचान हुई है। एसईसीएल की यह निरंतर पहल भारत सरकार के टीबी मुक्त भारत के संकल्प को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसमें सक्रिय स्वास्थ्य सहायता, पोषण सहयोग और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से योगदान दिया जा रहा है।

### डीपी कालेज के छात्र खराब रिजल्ट को लेकर पहुंचे यूनिवर्सिटी



**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी द्वारा बीएससी सेकंड ईयर के परीक्षा परिणाम 16 जुलाई को घोषित किया गया है। इसमें डीपी विप्र कालेज के अधिकांश विद्यार्थियों का बॉटनी व जुलाजी विषय में खराब रिजल्ट आया है। इसी खराब रिजल्ट के मुद्दे को लेकर डीपी कालेज के छात्र-छात्राएं सोमवार को अटल यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग पहुंचे थे। अटल यूनिवर्सिटी पहुंचे डीपी विप्र कालेज के छात्र-छात्राओं का कहना है कि बीएससी सेकंड ईयर के अधिकांश विद्यार्थियों का दो विषय में अनुतीर्ण आ गया है। उनका कहना है कि बॉटनी और जुलाजी विषय में पूछे गए प्रश्नों को उन्होंने अच्छे से हल किया था और सभी प्रश्नों के उत्तर लिखे थे। छात्रा नैना तिवारी, साक्षी मरकाम कहना है कि अधिकांश विद्यार्थी प्रथम वर्ष में टापर रह चुके हैं, फिर भी उन्हें इस प्रकार का परीक्षा परिणाम देखने को मिल रहा है। छात्रों ने उत्तरपुस्तिका का पुनर्मूल्यांकन उस कालेज के विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर के समक्ष करवाने कहा। कुछ विद्यार्थियों ने तो अटल यूनिवर्सिटी और डीपी विप्र कालेज के बीच चल रहे आपसी खींचतान के वजह से भी खराब रिजल्ट को लेकर संदेह जताया है। इन सारी बातों को लेकर छात्रों की भीड़ परीक्षा नियंत्रक तरूणधर दीवान एवं असिस्टेंट रजिस्ट्रार परीक्षा रामेश्वर राठौर से मिले और अपनी समस्या से अवगत कराया। इस पर दोनों अधिकारियों ने छात्रहित में निर्णय लेने और बॉटनी, जूलाजी विषय के विशेषज्ञों के समक्ष उत्तरपुस्तिका की पुनः जांच कराए जाने का आश्वासन दिया। यूनिवर्सिटी पहुंचने वाले विद्यार्थियों में मनीष मिश्रा, राज वर्मा, समर्थ मिरानी, विक्रांत श्रीवास्तव, मनोज मेश्राम, साक्षी, सिया, अपर्णा, नैंसी, निधि, रश्मि, बंटी, किशोर, श्रीजय, सतीश, ओम आदि छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### सिरत-ए-हसनैन क्विज़ में 150 से अधिक छात्रों ने लिया भाग




**बिलासपुर।** रविवार को ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में सिरत-ए-हसनैन ( ज़हीन सितारे) के नाम क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता प्रोग्रेसिव कॉन्वेंट स्कूल जरहाभाठा में हुई। जिसमें लगभग 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता को तीन ग्रुप ए,बी,सी में विभाजित किया गया था। ग्रुप ए में कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के विद्यार्थी शामिल थे। ग्रुप बी में कक्षा 6 से कक्षा 8 तक एवं ग्रुप सी में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोग्रेसिव कॉन्वेंट स्कूल की शिक्षिकाओं एवं स्टाफ का सहयोग रहा। प्रश्नपत्र हल करते समय बच्चों की बौद्धिक क्षमता, जानकारी और तैयारी स्पष्ट रूप से देखने को मिली। कार्यक्रम में संभाग अध्यक्ष हमशीरा ग्रुप अंजुम ज़रीन, एडवोकेट शौकत अली, प्रदेश सह सचिव आशिफ अशरफी, प्रदेश प्रभारी जरिया तालीम, अब्दुल अलीम, जिला अध्यक्ष आज़म मिर्जा, जिला सचिव मो. नावेद, मो. सरजील खालिद, साजिद, मोहसिन, अमन, जुबैर अबूबक्र, गौहर खान, नग़मा परवीन, सैयद सबीना, महजबीन ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। यह जानकारी आज़म मिर्जा ने दी।

---

**सिम्स अस्पताल में घूम रहे चालक व अटेंडर** | **यातायात पुलिस और निगम ने दिलाई थी रिवर व्यू पर पार्किंग**

# लाखों खर्च करने के बाद नहीं सुधरी सूरत, सिम्स के गेट पर निजी एम्बुलेंस का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स के सामने सालों से खड़े रहने वाले निजी एम्बुलेंस सिम्स की सूरत बिगाड़ रहे है, गेट के सामने पार्किंग की जगह होने के बाद भी मरीजों को बाइक और कार परिसर के अंदर रखना पड़ रहा है, साथ ही निजी एम्बुलेंस के चालक और अटेंडर बेखौफ परिसर में दाखिल होकर मरीजों को निजी अस्पताल की दहलीज तक पहुंचा रहे है। प्रबंधन ने इन्हें हटाने का प्रयास किया है लेकिन स्थिति 4 माह बाद फिर वहीं है। ऐसे में प्रशासनिक उदासीनता के चलते सूरत नहीं बदल रही है।

सिम्स के गेट के सामने रोजाना 30 से अधिक एम्बुलेंस खड़ी होती है, यह



सोमवार को सिम्स गेट के सामने प्रतिबंधित क्षेत्र में खड़ी एम्बुलेंस।

एम्बुलेंस निजी अस्पताल, डाग्नोसिस सेंटर की होती है, जिसमें मरीजों को सिम्स जैसे सरकारी अस्पताल से सीधे निजी अस्पतालों में ले जाने का गोरखधंधा चमक रहा है। कुछ माह पहले कलेक्टर की दखल के बाद प्रशासन ने डंडा दिखा इन एम्बुलेंस को खदेड़ दिया था, व्यवस्था के अंतर्गत सभी निजी एम्बुलेंस की पार्किंग रिवर व्यू रोड पर की गई है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों के जाने के बाद स्थिति जस की तस हो चुकी है। खास बात यह है कि सिम्स में पार्किंग सबसे बड़ी समस्या है। मरीज व परिजनों को गाड़ी खड़ा करने की जगह नहीं मिल रही है, पार्किंग का ठेका होने के बाद स्थिति में सुधार हो रहा है लेकिन फिर भी मरीजों को दिक्कते हो रही है। ऐसे में सिम्स में सामने वाहन पार्किंग की जा सकती है, लेकिन निजी एम्बुलेंस के चालक मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे है। प्रबंधन ने कई बार उन्हें हटाने का प्रयास किया है।

### सीधे वार्ड और मरीज के बेड तक पहुंच

एम्बुलेंस में चालक और अटेंडर दोनों होते है, सिम्स में दिन के किसी भी समय एम्बुलेंस के अटेंडर सीधे सिम्स में प्रवेश कर जाते है। कई एम्बुलेंस चालकों की पहचान कुछ कर्मचारियों से भी हो चुकी है, जिसके कारण गरीब मरीज को बेहतर इलाज का झांसा देकर निजी अस्पताल ले जाने की फिराक में रहते हैं। कई बार गार्ड ने पकड़ा भी है, लेकिन हर बार यही स्थिति सामने आती है। बताया जा रहा है कि निजी एम्बुलेंस के अंटेंडर बेधड़क वार्ड और मरीज के बेड तक पहुंच जाते हैं।

### लाखों रूपए हो चुके हैं खर्च

हाईकोर्ट के आदेश के बाद नगर निगम ने पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सिम्स के सामने पार्किंग के लिए जगह बनाई है, लाखों रूपए खर्च भी किए गए है, लेकिन यह निजी एम्बुलेंस की पार्किंग के लिए काम आ रही है, इसकी जगह सिम्स पहुंचने वाले मरीज व परिजनों के इस पार्किंग की सुविधा का विस्तार किया जा सकता है।

### कार्रवाई की मांग की जाएगी

हमने कई बार उनसे यहां से हटने का आग्रह किया है, लेकिन एक-दो दिन हटा देते हैं, फिर वहीं काम करते हैं। निगम और पुलिस प्रशासन को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

**-डॉ लखन सिंह**, अधीक्षक, सिम्स

---

हास्टल के 10 कमरे भी अब तक नहीं मिले

# एयू कैंपस में 10 करोड़ खर्च कर बनाया गया ट्रांजिट हास्टल खाली पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी, एयू कैंपस में पीडब्लूडी द्वारा 10 करोड़ रुपए की लागत से ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कराया गया है। यह सर्वसुविधायुक्त हास्टल निर्माण के बाद से सालभर से खाली पड़ा हुआ है। यूनिवर्सिटी ने प्रशासनिक कार्यालय के लिए हास्टल की मांग प्रशासन से की थी, जिसमें से 10 कमरे यूनिवर्सिटी को एलाट करने का निर्णय हुआ था, किन्तु आज तक हास्टल के कमरे यूनिवर्सिटी को हेंडओवर नहीं हो पाए हैं।

- **यूनिवर्सिटी ने आफिस के लिए की थी मांग**

एयू के कोनी-बिरकोना मार्ग स्थित कैंपस में लोक निर्माण विभाग द्वारा ट्रांजिट हास्टल बनवाया गया है। इस हास्टल भवन का निर्माण गवर्नमेंट के अधिकारियों-कर्मचारियों के अस्थाई आवास के लिए कराया गया है और यह यूनिवर्सिटी कैंपस भीतर ही है। यूनिवर्सिटी में वैसे भी प्रशासनिक कार्यालय की आवश्यकता है। क्योंकि वर्तमान में प्रशासनिक कार्यालय यूनिवर्सिटी के यूटीडी भवन में लगता है। यह हास्टल कैंपस भीतर है, इसलिए यूनिवर्सिटी की यह प्रयास है कि हास्टल भवन उन्हें मिल जाए तो उसमें प्रशासनिक कार्यालय संचालित किया जा सकता है। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने प्रशासन से हास्टल को दिए जाने की मांग भी रखी है। यूनिवर्सिटी और पीडब्लूडी के बीच ट्रांजिट हास्टल के 10 कमरों को यूनिवर्सिटी को दिए जाने पर सहमति भी बनी थी। लेकिन वे 10 कमरे आज तक यूनिवर्सिटी को हेंडओवर नहीं किए गए हैं और पूरा हास्टल सालभर से नया के नया खाली पड़ा हुआ है।



### मुख्यमंत्री के समक्ष रखी थी मांग

अटल यूनिवर्सिटी के पिछले दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए थे। कार्यक्रम के दौरान यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने मंच से नए बने ट्रांजिट हास्टल भवन सहित अतिरिक्त जमीन आबंटित किए जाने की मांग रखी थी। इस पर मुख्यमंत्री यूनिवर्सिटी की आवश्यकताओं को देखते हुए मांग पूरा करने का आश्वासन भी दिया था।

### दोमंजिला हास्टल में 52 कमरे

अटल यूनिवर्सिटी कैंपस में बने ट्रांजिट हास्टल दोमंजिला है और इसमें 52 कमरे बने हुए हैं। ये सर्वसुविधायुक्त कमरे हैं। इसका निर्माण बाहर से आने वाले शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए कराया गया है ताकि अधिकारी-कर्मचारी अस्थाई आवास के तौर पर हास्टल का उपयोग कर सकें। लेकिन जब से यह हास्टल बना है तब से न तो उसमें कोई रहता है और न उसका कोई उपयोग हो रहा है।

### नहीं किया गया है हैंडओवर

यूनिवर्सिटी कैंपस में पीडब्लूडी द्वारा ट्रांजिट हास्टल का निर्माण कराया गया है। यूनिवर्सिटी को प्रशासनिक कार्यालय के लिए भवन की आवश्यकता है इसलिए हास्टल की मांग की गई थी और उसमें से 10 कक्ष यूनिवर्सिटी को आफिस लगाने के लिए मिलना है, किन्तु अभी तक हेंडओवर की प्रक्रिया नहीं हुई है।

**-शैलेन्द्र दुबे**, रजिस्ट्रार, एयू

---

बिजनेस प्लस

# श्री शिवम में सावन उत्सव का शुभारंभ आज से

**बिलासपुर।** सावन का महीना उत्साह और उमंग का महीना होता है। प्रकृति के चारों ओर हरियाली छाई रहती है। खासकर महिलाओं के लिए यह महीना खुशियां लेकर आता है। महिलाओं की खुशियों को और बढ़ाने श्री शिवम् लेकर आ रहे हैं। सावन उत्सव, जहां सावन के महीने में महिलाएं अपने-अपने ग्रुप के साथ विविध आयोजन करेगी। जिसमे सावन गीत में नृत्य, गीत, कविता और रैंप वाक कराया जाएगा। जो भी ग्रुप का आयोजन सबसे अलग होगा। उस ग्रुप को सावन क्वीन का ताज़ पहनाया जाएगा।

इस बार सावन उत्सव में मित्र मंडल नेहरू नगर, सावन उत्सव में अपनी प्रस्तुति देने सबसे पहले आ रही है। साथ ही साथ लायंस क्लब के 2 ग्रुप, डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय, गुजराती प्रोग्रेसिव, प्रोफेशनल ग्रुप अपनी प्रस्तुति देंगे। प्रत्येक ग्रुप से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता चुना जाएगा। जिन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। सावन उत्सव में जितनी टीम भाग लेंगी सभी ग्रुप से प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं से फाइनल में प्रतियोगिता होगी। उसमे प्रथम, द्वितीय और तृतीय सावन सुंदरी का चुनाव करेंगे । साथ ही जिस ग्रुप की महिलाएं अच्छी तरह अपना बेस्ट परफ़ॉर्मेंस देंगी उसे बेस्ट ग्रुप का सम्मान प्राप्त होगा। विजयी ग्रुप को 50 हजार रुपए की




नगद राशि दी जाएगी। श्री शिवम् द्वारा सावन उत्सव 2025 का आयोजन 22 जुलाई से प्रारंभ 2 अगस्त तक किया जा रहा हैं। जो रोजाना दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगा। जिसमें अलग- अलग ग्रुप की महिलाएं शामिल होकर कार्यक्रम में भाग लेंगी। प्रत्येक ग्रुप को रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है रजिस्ट्रेशन अभी खुले हैं।

रजिस्ट्रेशन एडप्रयास, ग्राउंड फ्लोर,सत्य साईं प्लाजा,पुराना बस स्टैण्ड में करा सकते हैं। महिलाएं अपने ग्रुप के साथ अलग-अलग दिन विविध कार्यक्रम करेंगी। प्रत्येक दिन पहला, दूसरा और तीसरे विजेताओं की घोषणा की जाएगी। जिसमें प्रथम आने वाली टीम को श्री शिवम् की तरफ से नकद 50 हजार रुपए दिया जाएगा। तुरंत रजिस्ट्रेशन करवाए और कॉम्पीटिशन में भाग लें। कार्यक्रम का आयोजन अग्रेसन चौक स्थित श्री शिवम स्टोर में किया जाएगा।

# क्रेजी ट्यूज- डे पर छाया कोरेन मैगी का जादू

**बिलासपुर।** शहर में इन दिनों क्रेजी ट्यूज-डे पर कोरेन मैगी का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है। हर कोई इसे खूब पंसद कर रहे हैं। अपना मार्ट का क्रेजी ट्यूज- डे इस हफ्ते भी सबका दिल जीत रहा है।

आज की खास डिश में कोरेन मैगी जो ग्राहकों को सिर्फ 1 में मिल रही है। 499 की खरीदारी पर।

सिर्फ इतना ही नहीं, जो भी ग्राहक इंस्टाग्राम पर अपनी कोरेन मैगी की सबसे सुंदर फोटो शेयर करता है और अपना मार्ट आफिसियल को टैग करता है, उसे कंपनी की ओर से लाइफ लॉग की इलेक्ट्रिक्ट केटली जीतने का मौका। हर मंगलवार अपना मार्ट एक नई डिश



लाता है, और वो भी इतने बड़े स्तर पर कि हज़ारों घरों में एक ही स्वाद की खुशबू फैल जाती है। लोग अपनी बनाई डिश की तस्वीरें शेयर करते हैं, कुछ नया ट्राई करते हैं।

---


# कंप्यूटर ऑपरेटर पर कार्रवाई को लेकर कर्मचारी संघ का प्रदर्शन




**बिलासपुर।** अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग मंडल बिलासपुर में कार्यरत अस्थाई कुशल श्रमिक कंप्यूटर ऑपरेटर के विरुद्ध शिकायत पर कार्रवाई नहीं करने के विरोध में धरना प्रदर्शन कर प्रदेश संघ द्वारा उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं सचिव छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग के नाम संभाग आयुक्त सुनील जैन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। संघ के जिला शाखा अध्यक्ष रामकुमार यादव ने बताया कि लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग मंडल बिलासपुर में कंप्यूटर ऑपरेटर अंशुमान पांडे द्वारा नियमित कर्मचारी, महिलाओं से दुर्व्यवहार करने से कर्मचारी पीड़ित हैं। इनके द्वारा लिखित आवेदन के माध्यम से संघ को अवगत कराया गया। ऑपरेटर के विरुद्ध कार्रवाई करने संघ द्वारा अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन देते हुए कार्रवाई की मांग की गई थी। अधीक्षण अभियंता द्वारा कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। विदित हो कि आयुक्त बिलासपुर संभाग बिलासपुर एवं मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग राजमार्ग रायपुर द्वारा भी नियमानुसार कार्रवाई करने का पत्र अधीक्षण अभियंता को जारी किया गया था, कार्रवाई नहीं करने पर आज धरना प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली गई की गई। आज के प्रदर्शन में जीआर चंद्रा, रामकुमार यादव, किशोर शर्मा, पवन शर्मा, ओम त्रिपाठी, राजेश टंडन, महेंद्र तिवारी, अजय धुर्वे ,हिमांचल साहू ,श्रीपाल सिंह श्याम उरांव ,घनश्याम कौशिक, अभिषेक तिवारी आदि मौजूद थे।

# हाईकोर्ट के सेक्शन आफिसर को मिला जिला उपभोक्ता आयोग से न्याय

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट के सेक्शन आफिसर को जिला उपभोक्ता फोरम से न्याय मिला है। अनुबंधित समयावधि में मकान बनाकर नहीं देने पर समृद्धि बिल्डर को क्षतिपूर्ति के साथ अतिरिक्त खर्च लौटाने का आदेश दिया गया है।



हाईकोर्ट में पदस्थ सेक्शन आफिसर राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव पिता गोविंद प्रसाद 58 साल ने सत्यम चौक बिग बाजार स्थित समृद्धि बिल्डर्स के संचालक सुभाष चंद्र पिता महेशलाल से रामा वैली में प्लाट क्रमांक 505, 1375 वर्गफीट जमीन, खसरा नम्बर 70/ 80 में 11 फरवरी 2021 को भू तल पर 3 बीएचके भवन निर्माण के लिए एक अनुबंध किया था, 23 मई 2021 तक निर्माण कार्य पूरा किया जाना था। श्री श्रीवास्तव के द्वारा 1 नवंबर 2021 को चेक माध्यम से 16 लाख रुपए भुगतान कर दिया गया था। संपूर्ण भुगतान करने के बाद भी बिल्डर ने भवन निर्माण पूरा नहीं किया। उन्होंने बिल्डर से निर्माण कार्य पूरा करने कई बार अनुरोध किया। कोविड 19 में कठिनाईयों को देखते निर्माण कार्य करने अतिरिक्त समय दिया गया। उसके बाद भी कार्य अधूरा है। भुगतान पूरा होने से बिल्डर ने अधूरा काम छोड़ दिया। नोटिस के बाद भी उसके द्वारा जवाब नहीं दिया गया, जिससे श्री श्रीवास्तव द्वारा अतिरिक्त खर्ज कर अधूरा निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया। उन्होंने बिल्डर के खिलाफ जिला उपभोक्ता फोरम में परिवाद पेश किया। फोरम के अध्यक्ष आनंद कुमार सिंघल, सदस्य पूर्णिमा सिंह, आलोक कुमार पाण्डेय ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद समृद्धि बिल्डर के संचालक सुभाष चंद्र को 45 दिन के भीतर अधूरे निर्माण कार्य में खर्च 7 लाख रुपए, 23 मई 2022 से राशि की अदायगी तिथी तक 9 प्रतिशत ब्याज, मानसिक क्षतिपूर्ति 10 हजार एवं वाद व्यय 5 हजार रुपए पटाने का आदेश दिया है।

# पार्किंग के ठेकेदार पर जुर्माना

**बिलासपुर।** आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर की पार्किंग में एक दिन पहले एक युवक के साथ मारपीट की घटना के संबंध में पुलिस ने पार्किंग कर्मचारियों के खिलाफ अपराध कायम कर लिया है। वहीं रेलवे के कामर्शियल विभाग ने भी पार्किंग ठेकेदार के खिलाफ जांच करते हुए 25 हजार रुपए का जुर्माना कर दिया है।

उसलापुर रेलवे स्टेशन के बाहर रविवार को मंगला गौरी गणेश कालोनी निवासी वंश शर्मा पिता स्व. अखिलेश शर्मा बाइक नम्बर सीजी 10 पी 2680 में अपनी मां को लेने के लिए उसलापुर स्टेशन गए थे। उनकी मां इंदौर से बिलासपुर आने वाली नर्मदा एक्सप्रेस में भोपाल से आ रही थी। वंश शर्मा ने अपनी बाइक ऐसे जगह में खड़ी की थी, जहां नो पार्किंग का बोर्ड लगा हुआ था। इसी दौरान पार्किंग का कर्मचारी वहां पहुंचा और नो पार्किंग में गाड़ी नहीं करने की बात कहने लगा। इसपर वंश शर्मा और कर्मचारी के बीच में आपसी विवाद हो गया, जिसके बाद पार्किंग के दो से चार कर्मचारी वहां पहुंचकर वंश से मारपीट कर दिए। वंश शर्मा ने इसकी शिकायत तत्काल सिविल लाइन थाने मे पहुंचकर की। पुलिस ने मामला कायम कर लिया। सोमवार को मामले की जांच के बाद स्टेशन पहुंचकर मारपीट करने वाले दो आरोपी सरकंडा राजकिशोर नगर निवासी 21 वर्षीय राज मोहम्मद पिता कुल मोहम्मद और तारबाहर वायरलेस कालोनी वीरेन्द्र यादव पिता जयलाल 23 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

### किया गया है जुर्माना

अगर किसी तरह की परेशानी हो तो आरपीएफ को इसकी सूचना दे सकते हैं। पार्किंग के कर्मचारियों के साथ भी मारपीट की जानकारी मिली है, लेकिन उन्होंने किसी को सूचित नहीं किया। पार्किंग ठेकेदार के खिलाफ 25 हजार रुपए का प्रोविजनल जुर्माना कर दिया गया है।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# चेंबर की नई कार्यकारिणी गठित

**बिलासपुर।** छग चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज बिलासपुर इकाई के अध्यक्ष भागचंद बजाज की नियुक्ति के पश्चात उनके नेतृत्व में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। साथ ही प्रदेश स्तर पर भी महत्वपूर्ण पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इसमें प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज रोहरा एवं अभिषेक विधानी प्रदेश मंत्री शिशिर सोनछात्रा एवं राहुल सोनथालिया को बनाया गया है। यह कार्यकाल वर्ष 2025 से 2028 रहेगा।

इसी तरह बिलासपुर इकाई के प्रमुख पदाधिकारियों में कार्यकारी अध्यक्ष विनोद मेघानी, दयानंद तीर्थानी,श्रीकांत पांडे,नवदीप छाबड़ा,अमित अग्रवाल, संरक्षक हरीश केडिया,डी.डी. आहूजा,प्रकाश ग्वालानी,राजकुमार खुशलानी, परमानंद बजाज, सुनील सोनथालिया, मनोहर पमनानी, छेदीलाल सराफ, अमरजीत टुटेजा, नारायण उभरानी, कमल विधानी, पवन अजमानी, सुभाष अग्रवाल, प्रकाशचंद वाधवानी, प्रमोद खेड़िया,अनिल सलूजा, जगदीश सवन्नी, विनोद खत्री, सलाहकार किशोर गेमनानी, शंकर मनचंदा, नानकराम खटूजा, पवन वाधवानी, पूरन सिदारा, हरजीत सिंह सलूजा, श्रीचंद टहिल्यानी,राकेश लोकचंदानी, रमेश वाधवानी (बम्मू), तेजपाल सिंह, किरन पाल सिंह चावला, रजत मलहोत्रा, सौरभ सोनछात्रा, गुरुशरण सिंह भाटिया, सचिव महितोष सराफ, सह सचिव नीरज जग्यासी, राजकुमार धामेचा कोषाध्यक्षः अविनाश आहूजा, उपाध्यक्ष सुरेश सिदारा, मुकेश अधीजा,सतीश लाल, अरविंद दामा (भानुशाली), साजिद वनक, सचिन अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, राजेश गंगवानी, राजेश अग्रवाल, आलोक घई,लखन नागदेव, अरविंद टुटेजा, शब्बीर बुखारी, मुकेश विधानी, राकेश मंधानी, मनीष मोटवानी, सन्नी अजमानी, मंत्री मनोज उभरानी, हर्षदीप सिंह होरा, कैलाश पेसवानी, प्रकाश चावला, दिनेश नागदेव, शंकर जीवनानी,अजय टहिल्यानी, मनोज सरवानी, नटवर अग्रवाल, अनिल नेवदानी, दीपक सुतारिया, सुनीत तेजाणी, मीडिया प्रभारी जीतू चौबे, राम सुखीजा आदि शामिल हैं।

**APPOINTMENTS**

**TRIVENI INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES, HOSPITAL & RESEARCH CENTRE BILASPUR (C.G.)**

Approved by Regulatory Council
Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Raipur
Application are invited for following posts under Statue-16

| S. No. | Name and No. of the post | | Qualification and Experience As per DCI Norms |
|---|---|---|---|
| 1. | **Principal** | | As per DCI Regulation |
| 2. | **Professor:-** | | Post Graduate qualification with 5 years Teaching experience as Reader |
| | Oral Pathology & icrobiology | 2 | |
| | Conservative Dentistry & Endodontics | 1 | |
| | Oral Surgery | 1 | |
| | Orthodontics & Dentofacial Orthopaedics | 1 | |
| | Pedodontics & Preventive Dentistry | 1 | |
| | Oral Medicine & Radiology | 1 | |
| | Periodontoogy | 1 | |
| | Prosthodontics | 1 | |
| 3. | **Reader:-** | | Post Graduate qualification with 4 years Teaching experience after post-graduation . |
| | Oral Medicine & Radiology | 1 | |
| | Prosthodontics | 1 | |
| | Conservative Dentistry & Endodontics | 1 | |
| | Pedodontics & Preventive Dentistry | 1 | |
| | Orthodontics & Dentofacial Orthopaedics | 1 | |
| | Public Health Dentistry | 1 | |
| | Oral Surgery | 1 | |
| 4. | **Lecturer:** | | A recognised MDS Degree of an Indian University / Diplomate of National Board or an equivalent qualification. |
| | Oral Medicine & Radiology | 1 | |
| | Periodontology | 1 | |
| | Prosthodontics | 2 | |
| | Pedodonticsy | 2 | |
| | Orthodontics | 1 | |
| | Oral Pathology & Microbilogy | 1 | |

**Other Terms & Conditions:-**
1. Teaching Experience & Age Limit : As Per Council Norms.
2. Pay Scale : State Govt. Pay Scale
3. Reservation : As Per State Government Norms.

**Selection Criteria:** : Selection will decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field Like-* Number of paper publications in various national/international Journals. * Paper Presentation of conferences. * Total No. of conferences attended.

**Last date of receipt of Application: -** Within 15 days from the date of publication of advetisement.

**Incharge Registrar**

## खबर संक्षेप

### बिलासपुर-रींवा में अतिरिक्त कोच 27 से

**बिलासपुर।** अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए रेल प्रशासन ने बिलासपुर से रींवा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में एसी कोच की सुविधा देने का निर्णय लिया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 18247/18248 बिलासपुर-रींवा और रींवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी थ्री एवं एक अतिरिक्त एसी टू कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा 27 जुलाई से 31 जुलाई तक बिलासपुर से चलने वाली ट्रेन में और रींवा से चलने वाली एक्सप्रेस में 28 जुलाई से 1 नवम्बर तक उपलब्ध रहेगी।

### पत्नी से मारपीट आरक्षक पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पत्नी से मारपीट करने वाले आरक्षक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।
कोनी पुलिस के अनुसार फारेस्ट कालोनी निवासी गौरी राजपूत ने रिपोर्ट लिखाई कि वह फारेस्ट विभाग में कम्प्यूटर आपरेटर है। 2021 में उन्होंने पुलिस विभाग के आरक्षक हुकूमचंद माथर जो पंडरिया कवर्धा जिला में पदस्थ है, उसने उससे प्रेम विवाह किया था। उनका ढाई साल का बेटा है। 21 जुलाई को सुबह 8.30 बजे उन्होंने इलाज कराने के लिए पति से पैसे मांगा तो पति ने गाली गलौज कर मारपीट कर दिया है। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर पति आरक्षक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कोचिंग जाने वाली शिवनाथ में चेन पुलिंग

**बिलासपुर।** इतवारी से बिलासपुर आने के बाद कोचिंग डिपो की ओर जब शिवनाथ एक्सप्रेस जाने लगी तो उसमें अचानक अलार्म चेन पुलिंग कर दी गई, जिसके कारण चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी को रोक दी। आरपीएफ ने चेन पुलिंग करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की है। सोमवार की सुबह शिवनाथ एक्सप्रेस बिलासपुर स्टेशन में समय पर पहुंच गई थी। ट्रेन को धुलाई और मेंटनेंस के लिए कोचिंग डिपो की ओर रवाना किया जा रहा था। अचानक अलार्म चेन पुलिंग होते ही चालक ने ट्रेन इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोक दिया। आरपीएफ ने पूरे कोच की तलाशी ली, जिसमें एक कोच में अकेले महाराष्ट्र नागपुर निवासी रविकांत शुक्ला इतवारी से बिलासपुर तक शिवनाथ एक्सप्रेस के स्लीपर कोच एस 1 में सफर कर रहे थे। रविकांत शुक्ला को गहरी नींद आ गई और उन्हें बिलासपुर में ट्रेन पहुंचने की जानकारी नहीं हुई।

### सड़क पर खोद दिया गड्ढा, पाइप से परेशानी



**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप चौक नगर निगम और यातायात विभाग के लिए प्रयोगशाला से कम नहीं है। हाल ही में नगर निगम ने गड्ढा कर चौक पर पाइप डाल दिया है, बताया जा रहा है कि अमृत मिशन का पाइप लाइन है, लेकिन पाइप लाइन को इस तरह से लगाया गया है, जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। रिंग रोड से एसबीआर कालेज की ओर मुड़ने के दौरान वाहन चालकों का सामना पाइप से हो रहा है, यातायात विभाग ने इसे बेरिकेट से ढक रखा है, जिससे स्थिति ओर भी खराब हो रही है। नगर निगम के इस कारनामे से हर कोई परेशान है।

---

**जमीनी हकीकत उलट** | शिक्षा विभाग ने सत्र शुरु होने से पहले सभी पुस्तकें समय पर स्कूलों में पहुंचने किया था दावा

# शैक्षणिक सत्र शुरु हुए एक महीना बीत गया, छात्रों को नहीं मिली 12 लाख किताबें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र शुरु हुए एक महीना से अधिक बीत चुका है, लेकिन स्कूलों में अब तक छात्रों को पूरी किताबें नहीं मिली हैं। शिक्षा विभाग ने सत्र शुरु होने से पहले दावा किया था कि सभी पुस्तकें समय पर स्कूलों में पहुंच जाएंगी, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है।

किताबों की कमी के कारण छात्र अधूरी पढ़ाई करने को मजबूर हैं, वहीं शिक्षकों को भी पढ़ाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब इसे अधिकारियों की लापरवाही मानें या फिर सिस्टम की कमजोरी लेकिन हाल यह है कि जिले में ही 12 लाख किताबें हजारों छात्रों को नहीं मिली है। 10 वीं गणित की किताब अधिकांश बच्चों को नहीं मिली है तो ऐसा एक भी स्कूल नहीं है जहां सभी बच्चों को सभी कक्षाओं की सभी किताबें मिल गईं हों। बिलासपुर जिले में इस बार



कलस्टर बनाकर किताबों को वितरण किया जाना है। इसके लिए जिले में 298 कलस्टर बनाए गए। सरकंडा कलस्टर की ही बात करें तो साढ़े तीन हजार किताबों का वितरण अभी तक स्कूलों में नहीं किया जा सका है। इसके अलावा दयालबंद, कुदूदण्ड जैसे कलस्टरों में 5 हजार से अधिका किताबें बच्चों तक नहीं पहुंची हैं। इस तरह कुल करीब 12 लाख किताबें अभीं तक बच्चों तक नहीं पहुंच सकी है।

### तीसरी और छठवीं में सबसे अधिक परेशानी

गौरतलब है कि इस साल तीसरी और छठवीं कक्षा का सिलेबस पूरा बदला गया है। इसलिए नई किताबों से ही पढ़ाई होनी है। पुरानी किताबों से काम नहीं चल रहा लेकिन इन कक्षाओं की किताबें भी बच्चों तक नहीं पहुंचने के कारण अधिक परेशानी हो रही है। आठवीं तक के बच्चों के पास अब भी पूरी किताबें उपलब्ध नहीं हैं। विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, अंग्रेजी जैसे मुख्य विषयों में किताबें नहीं मिली हैं, जिससे पढ़ाई में बड़ा व्यवधान आ रहा है। बच्चों ने बताया कि जो किताब मिली हैं, उन्ही की पढाई हो रही हैं। अन्य किताबें कब तक उन्हें मिलेंगी और वे पढाई शुरू कर पाएंगे, इसे लेकर वे असमंजस की स्थिति में हैं।




**पुरानी पुस्तकों से हो रही पढ़ाई**

- ऐसा एक भी स्कूल नहीं है जहां सभी बच्चों को सभी कक्षाओं की सभी किताबें मिल गईं हों
- वितरण के लिए बनाए गए हैं 298 कलस्टर, नई व्यवस्था के कारण बिगड़ रहा पूरा सिस्टम

### कई किताबों में बारकोड एवं आईबीएन कोड नहीं

कुछ शिक्षकों ने बताया कि बिना स्कैनिंग के पुस्तक वितरण नहीं करना है लेकिन हाल यह है कि पुस्तक वितरण के पूर्व बारकोड एवं आईएसबीएन कोड को शिक्षकों के निजी मोबाइल के माध्यम से स्कैनिंग करने की प्रक्रिया शिक्षक संवर्ग के लिए सर दर्द बनी हुई है। रोज सर्वर की समस्या रहती है। बहुत सारे पुस्तकों में बारकोड एवं आईबीएन कोड नहीं होने के कारण पुस्तकें स्कैनिंग नहीं हो पा रही हैं। अत्यधिक दर्ज संख्या वाले विद्यालयों में पुस्तक स्कैनिंग करने का कार्य पहाड़ चढ़ने जैसा साबित हो रहा है। इधर अधिकारी रोज व्हाट्सएप ग्रुप में मैसेज टाइप कर एवं गूगल शीट जारी कर संकुल समन्वयक एवं संकुल प्राचार्य के माध्यम से तत्काल स्कैनिंग कर जानकारी अपलोड करने का दबाव बनाए हुए हैं।

### सर्वर के कारण आ रही समस्या

पुस्तक वितरण के पूर्व बारकोड एवं आईएसबीएन कोड को शिक्षकों के निजी मोबाइल के माध्यम से स्कैनिंग करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। सर्वर की समस्या के कारण अधिक परेशानी है। कोशिश की जा रही है कि स्कूलों और बच्चों तक पुस्तकें जल्दी पहुंच जाएं।

- **विजय तोंडे** जिला शिक्षा अधिकारी

---

**फूटा पाइप...**



इमलीपारा यादव भवन के पास पंप हाउस की पाइप लाइन फटी, हजारों लीटर पानी बेकार बहता रहा।

---

**बिना लाइसेंस चार सालों से चल रहा था अवैध करोबार**

# दुकान कॉस्मेटिक की और बेच रहे थे दवाई, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बाजार में नकली कॉस्मेटिक बिकने की लगातार शिकायत की जांच करने कॉस्मेटिक दुकानों में औचक निरीक्षण के लिए पहुंची खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम को एक चौंकाने वाला मामला मिला। तेलीपारा स्थित एक कॉस्मेटिक की दुकान में बिना लाइसेंस अवैध रूप से दवाई भी बेची जा रही थी, जिसे तत्काल प्रभाव से जब्त करते हुए मामला दर्ज किया गया है।

- खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की कार्रवाई

शहर में नकली कॉस्मेटिक की बिक्री की लगातार शिकायत प्राप्त होने पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित कॉस्मेटिक दुकानों में छापामार अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत वे तेलीपारा स्थित आकाश बैंगल्स एवं कॉस्मेटिक नामक दुकान पर पहुंचे। जांच के दौरान उक्त दुकान में बिना औषधि लाइसेंस के औषधियों का भंडारण प्राप्त हुआ। दो कार्टूनों के बराबर करीब आठ तरह की दवाइयों पाई गईं, जिनकी कीमत करीब 30 हजार रूपए आंकी गई है। विभाग के अनुसार संचालक द्वारा औषधियों का अवैध भंडारण एवं विक्रय पिछले 4 वर्षों से किया जा रहा था। उक्त कृत्य खाद्य एवं औषधि अधिनियम नियमावली 1945 की धारा 18 सी एवं 18 ए का उल्लंघन है, जिसमें 3 साल की सजा एवं एक लाख रुपए जुर्माने का प्रावधान शामिल है। विभाग द्वारा संचालक के विरुद्ध औषधि नियमावली 1945 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

इस संबंध में औषधि निरीक्षक सुनील पंडा ने बताया कि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर बिलासपुर के तेलीपारा, व्यापार विहार एवं मंगला क्षेत्र में आधा दर्जन कॉस्मेटिक दुकानों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान मेसर्स संतोष जनरल स्टोर्स व्यापार विहार, मेसर्स नरेश ट्रेडर्स व्यापार विहार में कॉस्मेटिक का सैंपल जांच हेतु लिया गया। इसी प्रकार मेसर्स मां कॉस्मेटिक एवं जनरल स्टोर मंगला, मेसर्स मनोज फैंसी एंड स्टेशनरी मंगला बस्ती एवं मेसर्स आदित्य ट्रेडिंग तेलीपारा में कॉस्मेटिक सैंपल गुणवत्ता जांच हेतु लिए गए।

### नकली होने के संदेह में 660 किलो खोवा और 35 किलो पनीर जब्त




नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिला बिलासपुर में सुबह 5.40 बजे नया बस स्टैंड पहुंच कर सघन जांच पड़ताल करते हुए बाहरी राज्यों से आने वाले खोवा, कुंदा एवं पनीर की जांच की गई। रेलवे परिसर में भी इसी प्रकार जांच अभियान चलाया गया।चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा खोवा मंडी गोलबाजार के विभिन्न फार्मों से 18 खाद्य नमुना संकलन कर जांच की गई। जिसमें 2 नमूने अवमानक पाए गए । बिलासपुर से कुल 3 लीगल एवं 1 सर्विलांस नमूना लेकर जांच में संदेह के आधार पर 660 किलो खोवा एवं 35 किलो पनीर जब्त किया गया एवं विक्रय करने से रोक गया।

### प्रयोगशाला भेजे गए पांच दुकानों के सैंपल

शहर में इन दिनों नकली कॉस्मेटिक के निर्माण एवं विक्रय की लगातार शिकायतें मिल रहीं हैं। इसी आधार पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान शहर की पांच दुकानों से कॉस्मेटिक के 5 सैंपल एकत्र किए गए हैं। एकत्र किए गए सभी सैंपल जांच के लिए रायपुर स्थित प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

---

**विकास भवन के सामने जमीन पर बैठकर किया विरोध प्रदर्शन**

# कांग्रेसी पार्षदों का नहीं हो रहा काम निगम में चेम्बर तक नसीब नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम चुनाव के पांच महीने बाद भी नेता प्रतिपक्ष सहित कांग्रेसी पार्षदों को चेम्बर तक नसीब नहीं हुआ है। वहीं कांग्रेसी पार्षदों द्वारा अपने वार्डों में कोई काम नहीं होने का आरोप भी लगा रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर सोमवार को कांग्रेस पार्षद दल निगम कार्यालय विकास भवन सामने आज जमीन पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया।

- निगम के 70 में से 18 वार्डों में कांग्रेस के पार्षद

कांग्रेसी पार्षद आज दोपहर करीब 12 बजे निगम कार्यालय विकास भवन पहुंचे और गेट के सामने जमीन पर धरने पर बैठ गए। ये कांग्रेसी पार्षद निगम प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने लगे। कांग्रेस पार्षद दल की मुख्य समस्या यह है कि फरवरी माह में नगर निगम चुनाव के बाद इन पांच महिनों में अभी तक नेता प्रतिपक्ष को चेम्बर तक नहीं मिला है जिससे कांग्रेसी पार्षदों की निगम कार्यालय में बैठने की कोई जगह नहीं है। इससे नाराज होकर आज कांग्रेस पार्षद दल ने निगम कार्यालय सामने जमीन पर बैठकर ही कार्यालय लगाकर हितग्राहियों के कामकाज निपटाने और विरोध एवं धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। कांग्रेस पार्षद दल का यह विरोध प्रदर्शन दोपहर तक चला, उसके बाद उन्होंने अपना धरना समाप्त किया।




विकास भवन के सामने धरने पर बैठे कांग्रेस पार्षद।

### शहर सरकार पर लगाया भेदभाव का आरोप

निगम में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के भरत कश्यप का कहना है कि नगर निगम को जो स्वच्छता अभियान में देश में दूसरे नंबर का पुरस्कार मिला है वह कांग्रेस की देन है। शहर विकास कार्य में भाजवा एवं कांग्रेस नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि चार माह पहले निगम आयुक्त को कांग्रेस पार्षद दल ने एक पत्र दिया था, जिसमें कांग्रेस पार्षदों के बैठने तथा नेता प्रतिपक्ष के लिए कमरा आबंटन की व्यवस्था की मांग की गई थी। लेकिन आज तक कांग्रेस पार्षद दल के लिए बैठक व्यवस्था नहीं किया गया है इसलिए मजबूरी में आज धरना प्रदर्शन करना पड़ा। उनका यह भी कहना है कि निगम में कांग्रेसी पार्षदों का न तो कोई काम हो रहा है और न ही उनके वार्डो में विकास कार्य हो रहा है। इसके अलावा पार्षद संतोषी रामा बघेल व पुष्पेंद्र साहू ने कहा कि शहर विकास में भाजपा एवं कांग्रेस नहीं होना चाहिए, क्योंकि जनता ने भाजपा का महापौर बनाया, किन्तु कांग्रेस पार्षद दलों को भी वार्ड की जिम्मेदारी दी है। विकास भवन में बैठने की व्यवस्था नहीं होने से कामकाज करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने शहर सरकार सहित महापौर पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस शासन में नेता प्रतिपक्ष को कक्ष आबंटित किया गया था।

### कांग्रेस के 18 व भाजपा के 49 पार्षद

नगर निगम में सत्तारूढ़ भाजपा के महापौर श्रीमती पूजा विधानी व सभापति विनोद सोनी सहित भाजपाई पार्षदों की संख्या 49 है। नगर निगम में कुल 70 वार्ड आते हैं, जिनमें से केवल 18 वार्डो कांग्रेस के पार्षद है, जबकि निर्दलीय पार्षदों की संख्या 3 है। निगम कार्यालय विकास भवन में भाजपा पार्षद आते हैं तो महापौर के चेम्बर में बैठ जाते हैं, किन्तु कांग्रेस के पार्षदों के लिए बैठने का चेम्बर नहीं दिया गया है। आज धरना प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप सहित पार्षद संतोषी रामा बघेल, रीता शंकर कश्यप, पुष्पेंद्र साहू, दिलीप पाटिल, अनीता कश्यप, मनहरण कौशिक, सुनीता गोयल, मोहन श्रीवास, ओम कश्यप, अमित भारते, सुनील सोनकर, अब्दुल इब्राहिम, गायत्री साहू, रामा बघेल, शंकर कश्यप, हिमांशु कश्यप आदि शामिल रहे।

### स्टेशन में मिलते हैं यात्रा संस्कृति और विकास

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन शहर के हृदयस्थल पर स्थित है। यहां प्रतिदिन हजारों यात्री स्टेशन से अपनी मंजिल की ओर रवाना होते हैं। यहां यात्रियों के लिए मौजूद सुविधा भी बेहतर है। स्टेशन में कैशलेस टिकटिंग व्यवस्था एटीवीएम मशीनें, डारमेट्री, प्रतिक्षालय, बुजुर्गो के लिए लिफ्ट, डिजिटल सूचना प्रणाली, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था है। यह सब मिलकर इसे एक आधुनिक और सुलभ स्टेशन बनाते हैं। हाल ही में स्टेशन परिसर में रेल कोच से निर्मित रेस्टोरेंट का शुभारंभ हुआ है, जो न केवल यात्रियों बल्कि शहरवासियों के लिए भी एक नया आकर्षण बना है। इसके साथ ही अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य प्रारंभ हो चुका है। स्टेशन को आधुनिक सुविधा से युक्त, भव्य और यात्री हितैषी बनाया जा रहा है।

### स्वच्छता पेट्रोलिंग टीम का शुभारंभ आज



**बिलासपुर।** नगर पालिक निगम बिलासपुर स्वच्छता और सड़क पर अतिक्रमण के खिलाफ जंग में एक अनूठी पहल करने जा रही है। पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी की तर्ज पर निगम द्वारा स्वच्छता-अतिक्रमण पेट्रोल की शुरूआत की जा रही है। जो शहर को गंदा होने से बचाएगी ।

नगर निगम की पेट्रोलिंग पार्टी शहर में घूमकर सार्वजनिक स्थान सड़कों पर कचरा फेंकने, गंदगी करने वालों को रोकने और जुर्माना लगाने का काम करेगी। सड़कों पर ठेले गुमटी या अन्य तरीके से अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करेगी। इस यूनिट का गठन करते हुए 30 कर्मचारियों को इसमे शामिल किया गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल और निगम कमिश्नर अमित कुमार मंगलवार को हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना करेंगे। पेट्रोलिंग पार्टी के द्वारा लोगों की आदत सुधारने के लिए जुर्माने की कार्रवाई भी की जाएगी। स्वच्छता व अतिक्रमण टीम शहर में दिन के अलावा रात में भी गश्त करेगी। इसके लिए 30 लोगों की एक टीम तैयार की गई है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# जंगल में दो बायसन की भिड़ंत, एक की हो गई मौत

**बिलासपुर।** लोरमी वन मंडल और एटीआर के बीच भारतपुर के जंगल में दो बायसन के बीच आपसी द्वंद हो गया, जिसके कारण एक बायसन की मौत हो गई। वन विभाग ने बायसन का पोस्टमार्टम करने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया है।

जानकारी के अनुसार लोरमी वन मंडल और अचानकमार टाइगर रिजर्व के बीच में भारतपुर जंगल है। यहां सुबह एक नर बायसन की संदिग्ध अवस्था में लाश मिली, जिसे देखने के बाद ग्रामीणों ने सूचना वन विभाग को दी। ग्रामीणों से सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, जिसमें लोरमी वन वन मंडल के एसडीओ डीएस सूर्यवंशी, रेंजर क्रिस्टोफर



कुजूर भी मौजूद थे। मौके पर पहुंचकर वन विभाग की टीम ने भारतपुर गांव के रिजर्व फारेस्ट क्रमांक 556 में बायसन को मृत अवस्था में देखा। वन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट और पशु चिकित्सकों को बायसन के मौत और उसकी जांच करने कहा। इसकी जानकारी मिलते ही कानन पेण्डारी जू के डॉक्टर पीके चंदन, जिला पशु चिकित्सक डा. शत्रुहन सिंह, डॉ. प्रमोद नामदेव और डॉ. शिव पटेल ने घटना स्थल पहुंचकर बायसन का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के उपरांत डॉक्टरों ने बायसन के मौत का कारण दूसरे बायसन के साथ आपसी संघर्ष से होने की रिपोर्ट दी। इस संबंध में एसडीओ डीएस सूर्यवंशी ने बताया कि कक्ष क्रमांक 556 में बायसन का शव मिला था। पहले शिकार की आशंका के कारण आसपास के जंगल में छानबीन की गई, लेकिन शिकार से संबंधित कोई भी पुख्ता सबूत नहीं मिले। मृत नर बायसन की उम्र 6 से 7 साल की थी, जिसके शरीर पर अंदरूनी चोट के कारण डॉक्टरों ने भी दूसरे बायसन के साथ आपसी संघर्ष के संबंध में जानकारी दी है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद रिपोर्ट को जांच के लिए भेजने के बाद बायसन के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।



21-JULY--REGNOL-pg-3-ALTAR_Layout 1 7/21/2025 11:33 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### कांवरियों का दल बैजनाथ धाम के लिए रवाना



**मुंगेली।** नगर से प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कांवड़ियों का दल बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुए। मुंगेली से यह यात्रा लगातार 11 वर्षों से की जा रही है। शुरुआत में मात्र पांच श्रद्धालुओं से प्रारंभ हुई यह यात्रा अब विस्तार लेते हुए 80 से अधिक कांवड़ियों का दल बन चुकी है। कांवड़िए सुल्तानगंज (बिहार) से गंगाजल लेकर लगभग 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर देवघर स्थित बाबा बैजनाथ धाम पहुंचकर उनका जलाभिषेक करते हैं। इस वर्ष कावंड यात्रा में नीरज यादव, नारायण साहू, खेलूं साहू, सोनू साहू, अजय यादव, धनीराम जायसवाल, ओम प्रकाश साहू, राजेंद्र यादव, धीरेन्द्र लोहार, राकेश साहू, नीलकमल साहू, अरविंद साहू, सुरेन्द्र यादव, कालेश्वर साहू, कालेश्वर यादव, धर्मेंद साहू, छवि शनि सारथी, अमन सारथी, हेमंत साहू, दीपक निषाद, संदीप यादव, गिरधर निर्मलकर, मनीराम निषाद, मनीष साहू, मुकेश साहू सहित कई श्रद्धालु शामिल हैं।

### कृषि केंद्रों का निरीक्षण दिया गया नोटिस



**मुंगेली।** कृषि विभाग द्वारा विभिन्न कृषि केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। कृषि विभाग के उपसंचालक एम.आर. तिग्गा ने बताया कि उर्वरक विक्रय में अनियमितता पाये जाने पर साहू कृषि केन्द्र मोहडंडा, पटेल कृषि केन्द्र मोहडंडा, मॉ महामाया कृषि केन्द्र देवरहट के विक्रय में उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के निहित प्रावधानों के अन्तर्गत प्रतिबंध किया गया, साथ ही साहू कृषि केन्द्र खपरीकला, सत्येन्द्र कृषि केन्द्र तरकीडीह तथा उक्त प्रतिबंधित कृषि केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिला निरीक्षक मनहरण कुर्रे ने निर्धारित मूल्य तथा पॉस मशीन के माध्यम से ही उर्वरक का विक्रय करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उर्वरक के साथ अन्य सामाग्री कृषकों को नहीं देने, दुकानों में मूल्य सूची, स्टॉक की जानकारी स्पष्ट रूप से प्रतिदिन प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान राजेश साहू निरीक्षक, लोकेश कोशले,योगेश दुबे निरीक्षक, उमेश दीक्षित निरीक्षक एवं सहायक भीष्म राव भोसले उपस्थित रहे।

### 27 शिक्षकों ने डाइट पेंड्रा में लिया प्रशिक्षण



**मुंगेली।** जिले के 27 शिक्षकों ने डाइट पेंड्रा में कक्षा 6वी के नवीन पुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लिया। इस प्रशिक्षण में जिले के तीनो ब्लॉक के 27 बीआरजी ने गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान विषयो में प्रशिक्षण प्राप्त किया। पेंड्रा डाइट में सम्पन्न हुए इस प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अवधारणा के अनुरूप नवीन पुस्तकों का प्रशिक्षण हुआ। जिसमें नवीन पुस्तकों के विषय वस्तु को किस तरह से रोचक एवं सरल तरीके से स्कूली बच्चों को पढ़ाया जा सकता है। इस पर डाइट के प्रशिक्षण प्रभारी एवं डीआरजी के द्वारा बहुत ही प्रभावी तरीके से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर सभी शिक्षक प्रशिक्षर्थियों को डाइट पेंड्रा के प्राचार्य जेपी पुष्प एवं प्रशिक्षण प्रभारी की उपस्थिति में प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। इस अवसर पर डाइड प्राचार्य जेपी पुष्प, ममता चक्रवर्ती, प्रशिक्षण प्रभारी बनमाली वासुदेव, केपी राव, विकास वर्मा एवं डीआरजी एवं डाइट स्टॉफ उपस्थित रहें।

### माशिमं के सदस्य कर रहे परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण




**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की परीक्षा का निरीक्षण करने माध्यमिक शिक्षा मण्डल के सदस्य पहुंच रहे हैं और परीक्षा केंद्रों का जायजा ले रहे हैं। 8 जुलाई से माध्यमिक शिक्षा मण्डल की परीक्षा प्रारंभ हुई है और 22 जुलाई को समापन हो रहा है। इस परीक्षा के लिए विकासखण्डों में ही परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां पर पूरे विकासखण्ड के परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है जिसमें माध्यिमक शिक्षा मण्डल के सदस्य व अधिकारी शामिल है जो केंद्रों में पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण कर रहे हैं। गत दिवस परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यिमक शाला का निरीक्षण माध्यिमक शिक्षा मण्डल के सदस्य चंद्रकांत तिवारी, आकाश गुप्ता पहुंचे। इस अवसर पर केंद्राध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला सहित मिनाज खान, गिरधारी वैष्णव, रश्मि मिश्रा उपस्थित रहे।

### भारत विकास परिषद की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**पेंड्रा।** भारत विकास परिषद इकाई पेंड्रा की बैठक जनपद स्कूल आजाद चौक के सियान भवन में हुई। बैठक में सत्र 2025 26 की कार्य योजना पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। अध्यक्ष मोहनी शंकर तिवारी संस्कार प्रमुख मनीराम बाबूलाल पांडे अमरीश तिवारी ने संबोधन किया तथा परिषद के उद्देश्य एवं सभी कार्यों की रूपरेखा को विस्तार पूर्वक से रखा गया।

### मल्हार सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर में आई खराबी

# 22 गावों में 16 घण्टे तक रहा ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

सबस्टेशन के ट्रांसफार्मर में रविवार की रात दिक्कत और ब्रेकर के पोल फटने से मल्हार सहित 22 गावों में 16 घण्टे तक ब्लैक आउट रहा। लोगों को उमस भरी गर्मी व मच्छरों से हलकान होना पड़ा। कड़ी मशक्कत के बाद बिलासपुर से आई अनुभवी टीम व स्थानीय कर्मचारियों ने सोमवार की सुबह से घण्टों मेहनत कर दोपहर दो बजे विद्युत व्यवस्था बहाल की जिसके बाद लोगो ने राहत की सांस ली। इसके बाद घण्टों तक बिजली की आंख मिचौली चलती रही। हालांकि क्षेत्रवासी पिछले एक माह से बिजली की आंख मिचौली तथा अघोषित कटौती से खासे परेशान हैं। जिसके चलते पीने के पानी की उपलब्धता पर अड़चन आ रही है।

- मरम्मत के लिए बिलासपुर से पहुंची टीम

जानकारी के अनुसार रविवार की रात 10 बजे के आसपास सब स्टेशन में मल्हार टाउन फीडर सहित कई ग्रामीण फीडरों के 11 केबी लाइन एक साथ बंद हो गए। सब स्टेशन से किसी भी डीसी में सप्लाई नही पा रही थी। बताया गया कि मौसम खराब होने और तेज बिजली की गर्जना से पावर सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हो गया है जिसका मरम्मत रात में संभव नही है। कर्मचारियों के अनुसार ब्रेकर के पोल फटने से क्वाइल व 20 ग्रिफ बुरी तरह से जल गए थे। जिसको बदलने तथा अन्य तरह के सुधार कार्य किया गया। बताया जा रहा है कि पिछले आठ दिनों में आकाशीय बिजली चमकने से क्षेत्र के 15 से ज्यादा ट्रांसफार्मरो में खराबी आई है साथ ही कई जंफर भी कटे है जिसको एक एक कर सुधारा जा रहा है इस वजह से बिजली बंद हो रही है। क्षेत्र की बदहाल विद्युत व्यवस्था कोई नई बात नहीं है, उम्मीद थी कि 132 केबी प्रारम्भ होने से क्षेत्र की व्यवस्था ठीक होगी परन्तु हालात अब भी बदतर है। जिसको लेकर क्षेत्रवासियों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है।



#### छह माह से कनिष्ठ यंत्री नहीं

इतने बड़े क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने जेई भी नहीं है बताया जा रहा है कि पचपेड़ी जेई पिछले छह माह से मल्हार के प्रभारी हैं इसके अलावा चिल्हाटी व अन्य स्थानों का प्रभार भी उनके पास है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है ग्रामीण इलाके की बिजली व्यवस्था कैसी होगी।

#### अब स्थित सामान्य

सब स्टेशन में बड़ी खराबी आई थी इस वजह से उपभोक्ताओं को दिक्कत हुई है। अब स्थिति सामान्य है। सभी खराबी दूर कर ली गई है। बरसात के समय बिजली कड़कने व अन्य फाल्ट की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित होती है फिर भी हमारे कर्मचारी पूरी शिद्दत के साथ काम करते हैं।

-गंगासागर ध्रुव
प्रभारी जेई मल्हार

## बिल्हा पंचायत में गंदगी फैलाने वालों पर किया गया जुर्माना




**बिल्हा।** नगर में अतिक्रमण के खिलाफ नगर पंचायत प्रशासन की कार्रवाई जारी है। सोमवार को महुआ चौक से शासकीय अस्पताल, जनपद पंचायत तक की रोड में सफाई अभियान की मुहिम चलाई रोड पर गंदगी फैलाने वाले ऐसे 10 लोगों के खिलाफ 3000 से ज्यादा का जुर्माना भी लगाया गया।

नगर में विशेष स्वच्छता अभियान के तहत रोड में सड़क किनारे रखे ठेला को हटाकर जब्ती भी बनाया गया। इस कार्य हेतु एक ट्रैक्टर और जेसीबी का उपयोग किया गया। जनपद पंचायत एवं हॉस्पिटल एक जगह होने के कारण क्षेत्र व ग्रामीण के लोग आकर अपना इलाज करवाते हैं आने जाने के लिए निजी वाहन का उपयोग भी करते हैं जिसके कारण यहां ट्रैफिक की समस्या हमेशा से बनी रहती है। आज विशेष स्वच्छता अभियान के तहत महुआ चौक से अस्पताल तक पूरे रोड की साफ सफाई की गई एवं रोड में पड़े मलबा को हटाकर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त की गई। दुकानदारों को हिदायत दी गई कचरा को एक जगह डम्प करें और बाहर से आने वाले निजी वाहन को रोड के किनारे एक साइड लगा कर रखें जिस कारण आवागमन निरंतर चलता रहे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री गहलोत ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की रोड पर गंदगी न फैलाएं जगह-जगह पर नगर पंचायत की ओर से गीला कचरा एवं सूखा कचरा डालने के लिए जगह चिन्हित किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में नंबर वन बनाए रखने के लिए हमें आज से ही इस ओर ध्यान देना होगा।

## जलप्रपात में बहने से मुंगेली के दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कबीरधाम जिले के पर्यटन स्थल रानी दहरा जलप्रपात में हुए हादसे में नगर के दो युवकों की जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही शहर में शोक छा गया। लोग संवेदनाओं में डूब गए।





- कबीरधाम जिले के पर्यटन स्थल रानी दहरा जलप्रपात में हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार दाऊपारा निवासी नरेन्द्र पाल सिंह छाबड़ा, पाठक पारा निवासी सृजन पाठक अपने दोस्तों के साथ कबीरधाम जिले के पर्यटन स्थल रानी दहरा जलप्रपात में घूमने के लिए गए थे। इसी दौरान दोनों की पानी में बहने से मौत हो गई। सृजन पाठक का कहीं पता नहीं चल रहा था। 24 घंटे से लापता चल रहे सृजन का शव काफी खोजबीन के बाद जलप्रपात के ऊपरी हिस्से में मिला। नगर के दो युवकों की मौत से शहरवासियों को झकझोर कर रखा दिया। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सृजन शिक्षक सुनील पाठक के पुत्र थे और कुछ दोस्तों के साथ रानी दहरा घूमने गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वे झरने के ऊपरी हिस्से में घूम रहे थे, तभी अचानक तेज पानी का बहाव आया और सृजन बह गया। साथी किसी तरह बच निकले, लेकिन सृजन पानी के बहाव में ओझल हो गए। घटना के दूसरे दिन युवक का शव बरामद हुआ। एक दिन पूर्व ही दाऊपारा निवासी नरेन्द्र पाल सिंह छाबड़ा भी रानी दहरा जल प्रपात के पास बह गए थे। वे भी उक्त स्थान पर घूमने के लिए गए हुए थे। दोनों युवकों की असामयिक मृत्यु से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जिले में शोक का माहौल है। लोग सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से परिवार के प्रति संवेदना जता रहे हैं।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिए 31 जुलाई अंतिम तिथि

**मुंगेली।** खरीफ वर्ष-2025 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत बीमा के लिए 31 जुलाई अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले के लिए धान सिंचित, धान असिंचित, सोयाबीन, अरहर (तुअर), कोदो, कुटकी, रागी, मक्का, मूंग, उड़द एवं मूंगफली फसल अधिसूचित है। उन्होंने बताया धान सिंचित के लिए 1200 रूपए, धान असिंचित के लिए 860 रूपए, सोयाबीन के लिए 820 रूपए, अरहर (तुअर) के लिए 700 रूपए, मक्का के लिए 720 रूपए, उड़द एवं मूंग के लिए 440 रूपए, मूंगफली के लिए 840 रूपए, कोदो के लिए 320 रूपए, कुटकी के लिए 340 रूपए एवं रागी के लिए 300 रूपए प्रति हेक्टयर कृषक अंशराशि निर्धारित है। अधिसूचित फसल लगाने वाले सभी कृषक को फसल बुआई प्रमाण पत्र अथवा फसल बोने का स्वघोषणा पत्र, नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2), बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ वैध मोबाइल नम्बर देना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि कृषक फसल बीमा के अंतिम तिथि के पूर्व निकटतम बैंक शाखा, ग्रामीण बैंक, सहकारी समिति, लोक सेवा केन्द्र, भारत सरकार की बीमा पोर्टल के माध्यम से बीमा करा सकते हैं।

## तखतपुर नगर की सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

मोढ़े मार्ग से मनियारी पुल तक नगर की जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए नागरिकों ने प्रदर्शन किया, गिरफ्तारियां हुईं, जुर्म दर्ज हुआ, इसके बाद भी स्थिति आज जस की तस है। सड़क पर बने बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे ने लोगों को मुसीबतें बढ़ा दी है। प्रशासन का इस ओर ध्यान ही नहीं है।

- विरोध प्रदर्शन, एफआईआर, गिरफ्तारियों के बाद भी नहीं सुधरे हालात
- रोज हो रही दुर्घटनाएं, वाहनों को भी हो रहा नुकसान

मोढ़े मार्ग से मनियारी पुल तक नगर की सड़क जर्जर हालत में है। इसकी मरम्मत की मांग को लेकर कई बार आवेदन, निवेदन और प्रदर्शन किया गया था परंतु इस समस्या का निराकरण किया ही नहीं जा रहा है। कुछ दिनों पूर्व बौखलाए नगर के युवाओं ने मनियारी पुल के पास चक्काजाम किया था। पुलिस ने चक्का जाम करने वाले छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दी। चक्काजाम की जानकारी मिलने पर अगले दिवस कलेक्टर बिलासपुर संजय अग्रवाल ने नगर का भ्रमण कर सड़क की जायजा लिया और शीघ्र ही सड़क की मरम्मत करने की बात कही। चक्काजाम के 10 दिन बीत जाने के बाद भी सड़क की स्थिति दिन ब दिन बिगड़ती जा रही है। उसके सुधारने की न तो तिथि तय हो रही है और न कोई काम हो रहा है। जिन चक्काजाम करने वाले छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई थी वे गिरफ्तार भी हो गए और जमानत भी हो गई लेकिन सड़क की स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीर प्रतिदिन दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं। वाहन भी बिगड़ रहे हैं। पट्टा टूट रहा है परंतु इस पर कोई सार्थक पहल नहीं हो पा रही है। मोढ़े से आगे बढ़ने वाले वाहन चालक मनियारी पुल के पहुंचते तक भगवान से विनती करते हुए आगे बढ़ते हैं कहीं कोई अनहोनी न हो जाए। सभी विभाग के अधिकारियों का आना जाना इसी मार्ग से होता है परंतु कोई सुध नहीं ली जा रही है।



तखतपुर नगर से गुजरने वाली जर्जर सड़क।

#### अधिकारी अनजान

लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों की उदासीनता का खामियाजा नगर के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अफसरों को कोई बड़ी हादसे का इंतजार है, जब तक कोई बड़ा हादसा नहीं हो तब तक अफसरों की नींद नहीं टूटेगी।

#### विधायक धर्मजीत ने उठाया मुद्दा

विधानसभा सत्र के दौरान तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने नगर की सड़क की खस्ताहाल को लेकर जमकर भड़ास निकाली और मांग की कि लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी धरातल पर आए और लोगों की इस ज्वलंत समस्या का निराकरण करें।

## अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारी का कटेगा वेतन

**मुंगेली।** कलेक्टर के कार्यालयों में निरीक्षण के दौरान 20 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों की अनुपस्थित मिलें। कलेक्टर ने अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित समाज कल्याण, उद्योग, शिक्षा सहित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की। निरीक्षण के दौरान 20 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों की अनुपस्थिति एवं विलंब पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थिति पंजी का भी निरीक्षण किया और कहा कि उपस्थिति में पारदर्शिता और नियमितता आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में बिना सूचना के कार्यालयीन समय में अनुपस्थित पाए गए, इनमें जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्र कुमार घृतलहरे, जिला मिशन समन्वयक ओ.पी. कौशिक, सहायक जिला परियोजना अधिकारी अजय नाथ सहित सहायक परियोजना समन्वयक, प्रोगामर, सहायक ग्रेड 03 व 02, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं भृत्य अनुपस्थित पाए गए। इसी तरह जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र के महाप्रबंधक व प्रबंधक, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक और कम्प्यूटर ऑपरेटर के बिना सूचना के कार्यालयीन समय में अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं समग्र शिक्षा के अंतर्गत कार्यरत प्रोग्रामर शशिभूषण पांडेय द्वारा गैरहाजिर रहने के बावजूद उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने के कृत्य को गंभीर लापरवाही मानते हुए कलेक्टर ने उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कर्मचारी को सेवा से पृथक करने आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अनुशासन का कड़ाई से पालन करने और कार्यालय में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा कार्य के प्रति गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



कार्यालय का निरीक्षण करते कलेक्टर।

## सरपंच ने मांगी पुलिस की सुरक्षा एसपी कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

ग्राम पंचायत बिरगहनी की वर्तमान सरपंच रत्ना मिलन कुर्रे ने पूर्व सरपंच पर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर सुरक्षा की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि रत्ना मिलन कुर्रे ग्राम पंचायत बिरगहनी की वर्तमान सरपंच हैं। उनके पति मिलन दास कुर्रे ग्राम पंचायत बिरगहनी में ग्राम रोजगार सहायक के पद पर पदस्थ हैं।

13 जुलाई को शाम के समय गांव में बिजली बंद हो गई थी, जिसको लेकर मनोज परिहार व रामकिशुन टण्डन ने उनके पति मिलन दास कुर्रे के साथ गाली-गलौज करने हुए मारपीट कर दी। इतना ही नहीं एक दिन सरपंच रत्ना कुर्रे अपनी ननद के साथ पैदल जा रही थीं, तभी आरोपियों ने रास्ते में उनके साथ अभद्रता एवं गाली-गलौज करते हुए उनके पति को जान से मारने की धमकी दी। ज्ञापन में बताया गया है कि मनोज परिहार और रामकिशुन टण्डन के खिलाफ आपराधिक मामले चल रहे हैं। पंचायत चुनाव 2025 में मनोज परिहार की पत्नी भी चुनाव लड़ी थी, जिसकी हार की वजह से वह रत्ना कुर्रे एवं उनके पति से रंजिश रखता है। आरोपी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है एवं उनके पति की जान को खतरा है। उक्त जानकारी देते हुए सरपंच रत्ना कुर्रे ने पुलिस की सुरक्षा एवं आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



#### जांच के बाद कार्रवाई

बिरगहनी सरपंच ने अन्य सरपंचों के साथ मिलकर उनके साथ हुई घटना को लेकर ज्ञापन सौंपा है, जिस पर जांच करने के बाद कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

-सी के घृतलहरे, एसडीओपी मुंगेली

### विधायक धर्मजीत सिंह ने मुंगेली में की पत्रकारों से चर्चा

# जिसका कांग्रेस में कोई पद नहीं, उसके लिए हो रहा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा है कि कांग्रेस बताए कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद पर हैं। जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं, उस व्यक्ति के लिए पूरी कांग्रेस प्रदेश में प्रदर्शन कर रही है। इसका साफ मतलब है कि भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस को पुत्र मुंह में झोंक दिया है।

विधायक धर्मजीत सिंह ने स्थानीय विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हमने पहले भी बड़े-बड़े ऐसे उदाहरण देखें हैं जिसमें लोगों ने पुत्र मोह में खुद को भी बर्बाद किया और अपने पूरे साम्राज्य को भी बर्बाद किया। भूपेश बघेल इस दिशा में काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भूपेश बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है। साथ ही उनका आर्थिक रूप से नुकसान भी करने जा रही है जो कि प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने आगे कहा कि कोल ब्लॉक आवंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दाफाश हो गया है। भाजपा ने पत्रकार वार्ता में तथ्यों एवं दस्तावेज प्रेजेंटेशन के माध्यम से कांग्रेस के झूठ को एक बार फिर बेनकाब किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चोरी और सीनाजोरी का उदाहरण बार-बार प्रस्तुत कर रही है। आप सबको पता होगा कि अपने शासन काल के पांच वर्ष में भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया था।



पत्रकारवार्ता में भाजपा विधायक।

**कानूनी कार्रवाई को मोड़ा जा रहा :** श्री सिंह ने कहा कि बेवजह जिस तरह अपराधियों के विरुद्ध हो रही कानून सम्मत कार्रवाई को कहीं और मोड़ा जा रहा है, वह दुर्भाग्यजनक और कांग्रेस में हिप्पोक्रेसी का सबसे बड़ा नमूना है। भाजपा ने कांग्रेस से सवाल किया कि क्या वह मनमोहन सिंह सरकार के समय हुए निर्णयों के लिए आज माफी मांगेंगे? क्या भूपेश बघेल यह घोषणा करेंगे कि अब कांग्रेस कभी बिजली का उपयोग नहीं करेगी, क्योंकि स्वयं यह कह चुके हैं कि विरोध करने वाले अपने घर की बिजली बंद कर दें। क्या कांग्रेस हर अपराधी के पक्ष में ऐसे ही खड़ी होगी, जैसे आज पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे के लिए हुई है? श्री सिंह ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार रही तब राजस्थान के तत्कालीन मंत्री बीडी कल्ला ने भूपेश बघेल को पत्र लिखा और राजस्थान के तत्कालिक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक सप्ताह के भीतर कई पत्र लिखे कोल ब्लॉक आंबटन के लिए। जिसे छत्तीसगढ़ और देश की जनता ने देखा है।

## सेमरसल की बहनों ने सैनिकों को भेंट की राखियां



**लोरमी।** मिडिल स्कूल सेमरसल प्रांगण में बच्चियों ने पूर्व सैनिकों के संगठन सिपाही से जुड़े हुए फौजियों को गांव की माताओं बहनों के साथ राखी समर्पित किया। उपस्थित माताओं और बच्चों को संबोधित करते हुए पूर्व सैनिक रामनिवास सिंह ने बच्चों को भविष्य का सैनिक बताते हुए बड़ी संख्या में सेना में भर्ती होने के लिए अपील की। प्रधानपाठक आत्माराम ने सभी सैनिकों के उत्साह को नमन किया और आपरेशन रक्षा सूत्र के लिए सैनिकों को शुभकामनाएं दी। महिला एवं बाल विकास विभाग के अपील पर आंगनबाड़ी केंद्र व महतारी वंदन की हितग्राहियों से भी एकत्रित करके उन्होंने सेवारत सैनिकों के लिए राखियां भेजी। बाल कैबिनेट में प्रधानमंत्री परमेश्वरी साहू ने अतिथि के रूप में आए फौजी अशोक सिंह और रामनिवास को राखी बांधी। विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में सहभागी होने की अपील वर्षा विक्रम सिंह ने की है। इस अवसर पर शिक्षक उमाशंकर सिंह राजपूत, राजकुमार कश्यप, स्मिता क्षत्रि, पुष्पा चतुर्वेदी, ललिता शर्मा, इंदु साहू सहित नंदनी निषाद, सारिका पटेल, मुस्कान, राजनंदनी, दामिनी, मेघा, लकेश्वरी, चंचल, कीर्ति, सुहाना, हरेश्वरी, ज्योति, रानू, पूनम, चांदनी, श्वेता, दिव्या निषाद, राधिका, योगेश्वरी, लीलम, माही, मान्या सहित बड़ी संख्या में गांव की माता बहनें, शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।